सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
श्रीकंचनपथ
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443

वर्ष- 15 अंक - 160 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 23 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास-खबर

जैसी करनी वैसी भरनी' अरविंद केजरीवाल को लेकर बोले छत्तीसगढ़ के सीएम साय, महादेव ऐप मामले में भूपेश पर भी अटैक!

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय? ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जमकर तंज कसा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इशारे ही इशारे में बहुत सी बातें कही हैं। सबसे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा की जो जैसा करेगा वह वैसा भरेगा। इसके बाद उन्होंने अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने और 100 दिनों में किए गए विकास कार्य को गिनाने का काम किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार ने कम समय में मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया है। इसके साथ ही प्रदेश में घोटालेबाजों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले साय

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय? ने कहा कि 'जस करनी तस भरनी' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिसने जैसा भी काम किया है उसे वैसा परिणाम मिलेगा। सभी लोगों का हिसाब किया जा रहा था। इसलिए जिसने भी गलत काम किया है वह आज जेल में है।

कांग्रेस में फूट रहा लेटर बम और हो रहा विरोध

बतादे कि छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव लड़ रहे है। इस बीच राजनांदगांव में कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी साफदेखने को मिल रही है। जहां एक तरफ कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफपार्टी के दिग्गज नेता अरुण सिसोदिया ने पूर्व सीएम के करीबी विनोद वर्मा के खिलाफ पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए हैं। अरुण सिसोदिया ने पत्र लिखकर यह दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी के फंड से विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को 5 करोड रुपए से ज्यादा का भुगतान किया गया है। जिसकी जानकारी कोषाध्यक्ष को भी नहीं दी गई है। इसके अलावा राजनांदगांव जिले में बीते दिनों कार्यकर्ता के द्वारा मंच पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सामने उनके ऊपर ही अनदेखी का आरोप लगाते एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। लगातार हो रहे इस तरह के घटनाक्रम से ऐसा माना जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी बिखराव की तरफबढ़ रही है।

सीबीएसई की बड़ी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ के दो स्कूलों की मान्यता रद्द देशभर में 20 स्कूलों पर गिरी गाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने नियमों के उल्लंघन को लेकर देशभर के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ के दो स्कूल भी शामिल हैं। सीबीएसई ने राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित वाइकन स्कूल और द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द की है। आरोप है कि इन दोनों स्कूल प्रबंधन द्वारा डमी छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। दोनों स्कूलों की मान्यता रद्द होने से इन स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 1300 विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने देश के अलग-अलग 10 राज्यों के 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इन स्कूलों में नियम विरुद्ध आचरण करने के साथ-साथ कदाचार में लिप्त रहने के आरोप हैं। उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के अलावा केरल और उत्तराखंड के स्कूलों पर भी गाज गिरी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और असम के भी कई स्कूलों की मान्यता भी रद्द की गई है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
भारत
असतो मा सद्गमय
CBSE
CBSE

सीबीएसई की जांच में खुला है मामला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के मुताबिक जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गई है, इनमें डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के प्रमाण मिले हैं। सचिव हिमांशु गुप्ता ने 22 मार्च को जारी बयान में कहा, क्या स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं? यह जांचने के लिए देश भर के सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूलों में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर केन्यू राजेंद्र नगर स्थित द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल व वायकॉन स्कूल की मान्यता रद्द की गई।

सीबीएसई ने इन स्कूलों की मान्यता रद्द की

- सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, दिल्ली-81
- नेशनल पब्लिक स्कूल, दिल्ली-40
- चंद राम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दिल्ली-39
- मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल, दिल्ली-39
- भारत माता सरस्वती बाल मंदिर, दिल्ली-40
- लॉयल पब्लिक स्कूल, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश
- ट्रिनिटी वर्ल्ड स्कूल, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
- क्रेसेंट कॉन्वेंट स्कूल, गाजीपुर, उत्तर प्रदेश
- प्रिंस यूसीएच माध्यमिक विद्यालय, सीकर, राजस्थान
- ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल, जोधपुर, राजस्थान
- द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, रायपुर, छत्तीसगढ़
- वाइकन स्कूल, विधान सभा मार्ग, रायपुर, छत्तीसगढ़
- राहुल इंटरनेशनल स्कूल, ठाणे, महाराष्ट्र
- पायोनियर पब्लिक स्कूल, पुणे, महाराष्ट्र
- पीवीज़ पब्लिक स्कूल, मलप्पुरम, केरल
- मदर थेरेसा मेमोरियल सेंट्रल स्कूल, तिरुवनंतपुरम, केरल
- करतार पब्लिक स्कूल, कठुआ, जम्मू-कश्मीर
- साई आरएनएस अकादमी, दिसपुर, गुवाहाटी, असम
- सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, मिसरोड हुजुर, भोपाल, मध्य प्रदेश
- ज्ञान ऐंस्टीन इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून, उत्तराखंड

नीट, जेईई जैसे कोर्सेस की कोचिंग करने वाले लेते हैं डमी प्रवेश

नीट, जेईई समेत अन्य प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राएं स्कूलों में 11वीं में डमी प्रवेश लेते हैं। इन छात्रों को स्कूल में पढ़ने नहीं जाना पड़ता है। स्कूल प्रबंधन सिर्फऐसे छात्रों को परीक्षा के लिए बुलाता है। 11वीं की परीक्षा भी कोचिंग सेंटर में करवा लेते हैं। सिर्फबारहवीं की परीक्षा के लिए निर्धारित परीक्षा केंद्र में जाकर विद्यार्थी परीक्षा देते हैं। स्कूल के ऐसे आचरण सीबीएसई के नियम के विरुद्ध हैं और इसी वजह से रायपुर सहित अन्य सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों की मान्यता रद्द की गई है।

सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे सप्ताह धनवर्षा हुई है। 15 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.49 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सबसे उच्च स्तर है। सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 6.396 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई।

आरबीआई की रिपोर्ट की खास बातें

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एक सप्ताह पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़कर 636.095 अरब डॉलर हो गया था। कुल मिलाकर देखें तो बीते दो हफ्तों में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 16.86 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में फॉरेन करेंसी एसेट्स यानी विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 6.034 अरब डॉलर बढ़कर 568.386 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। फॉरेन करेंसी एसेट्स को विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माना जाता है।



भारत का गोल्ड रिजर्व 42.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी भी दी कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के गोल्ड रिजर्व की कीमत 42.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 51.14 अरब डॉलर हो गई है। रिजर्व बैंक ने बताया कि इस दौरान एसडीआर में भी बढ़ोतरी देखने को मिली, जो कि 6.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.276 अरब डॉलर हो गया है। उधर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा (फॉरेक्स रिजर्व) 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.689 अरब डॉलर हो गया है।

कांग्रेस के छह बागी विधायक भाजपा में शामिल

शिमला (एजेंसी)। अयोग्य ठहराए गए कांग्रेस के बागी छह विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा भाजपा में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की मौजूदगी में सभी बागी भाजपा में शामिल हुए। राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि अयोग्य ठहराए इन विधायकों की गुरुवार रात भाजपा हाईकमान के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बनी थी। बैठक में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल मौजूद थे। बागी विधायकों ने भाजपा से बातचीत के लिए राणा को अधिकृत किया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मुलाकात में अयोग्य घोषित विधायकों की सुप्रीम कोर्ट में याचिका वापसी, भाजपा में ज्वाइनिंग और भविष्य की सियासत को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों के अनुसार भाजपा जल्द लोकसभा चुनाव के लिए कांगड़ा व मंडी और विधानसभा उपचुनाव के लिए छह प्रत्याशी घोषित कर सकती है। इस बारे में राजेंद्र राणा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से हुई मुलाकात के बाद सबकुछ तय हो गया।

सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पांच सक्रिय नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

श्रीकंचपनथ

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन नीति एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह, नई शुरूआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

नक्सली संगठन में तीन नक्सली पोडियाम मासा पिता गंगा (बुर्कलंका आरपीसी मिलिशिया सदस्य) 26 वर्ष निवासी पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा, मड़कम हुंगा (बुर्कलंका आरपीसी मिलिशिया सदस्य) 30 वर्ष निवासी पामलूर थाना किस्टाराम जिला सुकमा और करतम मंगा (अरलमपल्ली आरपीसी मिलिशिया सदस्य) 20 वर्ष निवासी बुंगरूपारा थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा, माड़वी भीमा 33 वर्ष (अरलपमल्ली आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य) 20 वर्ष निवासी अरलमपल्ली थाना किस्टाराम जिला सुकमा एवं वंजाम पाण्डू (मिलिशिया सदस्य) उम्र 44 वर्ष निवासी आतुलपारा पोलमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा हाल ग्राम वेकुरपाड़ (तेलंगाना) ने आत्म समर्पण किया है।

आत्मसमर्पित नक्सली वंजाम पाण्डु के विरूद्ध थाना दोरपापाल में धारा 346, 342, 34 भादवि. के तहत मामला दर्ज था, सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधायें प्रदाय कराये जाने की बात कही गई है।

37 डिग्री से ऊपर पहुंचा तापमान, धीरे-धीरे चढ़ रहा पारा, अभी और तपाएगी तेज धूप

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम साफ होने के बाद तेज धूप खिली हुई है। अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है। वहीं प्रदेश में अधिकतम तापमान 37 डिग्री से ऊपर जा पहुंचा है। आज शनिवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

बीते दिनों की बारिश और ओलावृष्टि की वजह से प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। वहीं प्रदेश में नमी हवाओं का भी आगमन हो रहा था। इससे पारा गिरने लगा था, लेकिन अब प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद एक बार फिर तापमान में बढ़ोतरी होगी। बीते दिनों की तुलना में पारा धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में अब मौसम साफ हो गया है। अब तेज धूप और गर्मी का दौर शुरू होने वाली है। आने वाले दिनों में तेज धूप के साथ गर्मी पड़ने की संभावना है।

सबसे गर्म इलाका रहा डोंगरगढ़

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। यह प्रदेश में सबसे गर्म इलाका रहा है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके आलावा राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो कि सामान्य से दो डिग्री कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री दर्ज किया गया है।

ट्रैफिक की क्लास और यातायात व्यवस्था

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

रायपुर यातायात पुलिस ने एक अनोखी पहल की है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को अब केवल जुर्माना वसूल कर छोड़ा नहीं जाएगा। उनकी आधे घंटे की बाकायदा क्लास लगाई जाएगी। क्लास में ट्रैफिक रूल्स को लेकर सवाल पूछे जाएंगे। जो जवाब नहीं दे पाएगा, उससे जुर्माना वसूला जाएगा। दरअसल, ईएमआई स्कीम के चलते आज हर किसी के पास वाहन है। सड़कों पर गाड़ियों की रेलमपेल है। एक तरफ जहां वाहनों की संख्या बढ़ रही है वहीं पार्किंग की जगह कम पड़ रही है। 40 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था करने में पसीना छूट जाता है। जब तक यह व्यवस्था बन पाती है 400 और गाड़ियां ट्रैफिक में शामिल हो जाती हैं। शार्टकट आदत नहीं बल्कि मजबूरी है। आदतन ट्रक और भारी वाहन सड़क के दाहिने लेन में चलते हैं। उन सड़कों पर भी जहां चौक चौराहों की भरमार है। रेड लाइट पर जब ये ट्रक रूकते हैं तो दाहिने मुड़ने वालों के लिए रास्ता बंद हो जाता है। एक मामला भिलाई के नेहरू नगर चौक का है। यहां भी सुपेला से दुर्ग जाने वाले ट्रक राइट लेन में रुकते हैं। लिहाजा नेहरू नगर की ओर मुड़ने वालों को रास्ता नहीं मिलता। ग्रीन लाइट पर मुश्किल से दो चार ट्रक खिसक पाते हैं। उनके पीछे चलने वालों का धैर्य जवाब देने लगता है। कुछ होशियारों ने इसका भी हल ढूंढ रखा है। कैरिज वे छोड़ कर वो पहले सर्विस लेन में आते हैं और फिर अंडरब्रिज की ओर जाकर होटल ग्रांड ढिल्लन के सामने से राइट लेते हैं और नेहरू नगर की ओर मुंह करके खड़े होते हैं। इससे उनका निकलना कुछ आसान हो जाता है। पर यहां पैदा होती है दूसरी मुसीबत। जब ट्रैफिक सिग्नल अंडब्रिज वाले रास्ते के लिए ग्रीन होता है तो लोग निकल नहीं पाते। उन्हें अपने सामने क्रास ट्रैफिक मिलती है। वो पूरी रफ्तार से सड़क तो पार कर लेते हैं पर चंद कदम के फासले पर उन्हें अपने सामने रास्ता काटकर लेफ्ट से राइट जाने वाली कारें और छोटे-हाथी मिल जाते हैं। सुपेला क्रासिंग पर एक अनोखा कट है। कट ऐसी जगह है जहां वास्तव में कोई रास्ता नहीं है। यहां डिवाइडर को लेवल कर दक्षिण गंगोत्री में उतरने का रास्ता बना लिया गया है। दरअसल, दिक्कत ट्रैफिक रूल्स के बारे में जानकारी की नहीं है। जानकारी सबको है। बस पालन करने में दिक्कतें हैं। कब रुकना है, कब चलना है, पार्किंग कहां करनी है - लोगों को सब पता है। पर ब्रेक लगाते ही पीछे वाले हॉर्न बजा-बजाकर हलाकान कर देते हैं। पार्किंग में कुछ लोग गाड़ी ऐसे लगा जाते हैं कि स्कूटी और बाइक को पूंछ की तरफसे पकड़कर इधर-उधर करना पड़ता है। सबसे बड़ी दिक्कत हेलमेट की है। इसे लेकर मॉल या ऑफिस में जाना अच्छा नहीं लगता। हेलमेट अच्छी हो और वह स्कूटी-बाइक पर छोड़ दी गई हो तो लौटने पर अकसर उसके दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं।

Digital Display Board
के माध्यम से
अपने व्यवसाय को दे
नई पहचान...
19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Bhagat singh Chwok, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

संपादकीय

आयोग की चिंता

सर्वोच्च न्यायालय ने बिल्कुल सही कहा है कि वह इस मुकाम पर चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून पर रोक नहीं लगा सकता, क्योंकि इससे अराजकता पैदा हो जाएगी। दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के दूसरे ही दिन चुनाव तिथियों की घोषणा हुई है और अब नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद चुनाव प्रक्रिया ही नहीं, पूरी राजनीति को जटिल बना सकता है। अत: अदालत ने कोई जल्दी न दिखाते हुए मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को करने का फैसला किया है, तब तक नई सरकार अपना काम शुरू कर चुकी होगी। दरअसल, विवाद इस बात पर है कि नए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों के चयन से प्रधान न्यायाधीश को अलग कर दिया गया है, उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री चयन समिति में शामिल किए गए हैं। चुनाव आयोग में दोनों नई नियुक्तियां प्रधान न्यायाधीश की मर्जी के बिना हुई हैं। यह उचित है या नहीं, इस पर अंतिम फैसला गौरतलब होगा।

> “ न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है, मगर चयन में बरती गई कमियों की ओर इशारा भी कर दिया है और केंद्र सरकार से जवाब भी मांगा है। चयन में ज्यादा पारदर्शिता और चयन समिति की बैठकों को गंभीरता से लेने की जरूरत है, ताकि किसी तरह की शिकायत की गुंजाइश न रहे।

फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय का रुख सरकार के अनुरूप ही है। आयुक्तों के चयन के संबंध में निश्चित कानून की कमी थी और अब जब सरकार ने कानून बना लिया है, तब इस कानून पर किसी भी तरह से सवाल उठाना सही नहीं है। हां, इस चयन प्रक्रिया के गुण-दोष पर न्यायालय विचार कर सकता है और यही कोशिश दिख रही है। न्यायालय को यह भी लगा है कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति को उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि को समझने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए था। लोग अभी भूले नहीं हैं कि चयन में जल्दबाजी को लेकर चयन समिति के एक सदस्य कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी कड़ी आपत्ति जताई थी। चुनाव आयुक्तों की जल्द नियुक्ति जरूरी थी, लेकिन चयन की प्रक्रिया को लेकर कम से कम किसी सदस्य में असंतोष का भाव नहीं होना चाहिए। यह कोई नहीं चाहेगा कि कोई अयोग्य अधिकारी चुनाव आयुक्त नियुक्त हो, अत: आगे सावधानी बरतने की जरूरत है।

अदालत ने दोहराया है कि चुनाव आयुक्तों का चयन स्वतंत्र और निष्पक्ष होना चाहिए। आयुक्तों की पहचान उनके फैसलों के कारण ही होती है। यदि आयुक्त अपने फैसलों से निष्पक्ष चुनाव के पक्षधर दिखते हैं, तो इससे लोगों को खुशी भी होती है और देश में अच्छी राजनीति को बल भी मिलता है। इधर के दिनों में चुनाव आयोग पर लगातार उंगलियां उठाई जाती रही हैं। विशेष रूप से विपक्षी नेताओं को आयोग से बड़ी उम्मीद है। जिन आयुक्तों के चयन को चुनौती दी गई है, उनके लिए भी यह खुद को साबित करने का मौका है। आयोग से फिजूल शिकायत करने वालों को भी सजग रहना चाहिए, निष्पक्ष चुनाव सबकी जिम्मेदारी है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि आचार संहिता की स्वयं अवहेलना करने वाला कोई प्रत्याशी दूसरों को फंसाने के लिए काम करे। चुनाव में धन के दुरुपयोग को रोककर आदर्श आचार संहिता के पालन को ही अगर सुनिश्चित कर दिया जाए, तो चुनाव आयोग और आयुक्तों की सार्थकता स्वत: सिद्ध हो जाएगी।

लोकतंत्र को मजबूत करती आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस आधारित स्टार्टअप्स

पुरानी तकनीक और सिमित संसाधनों के चलते सरकारी अधिकारियों को बड़े पैमाने पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण करने में कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

नारायण सिंह राव

दुनिया में भारत की पहचान सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में हैं। 140 करोड़ की आबादी वाले इस देश में 95 करोड़ मतदाता हैं। भारतीय लोकतंत्र का संघीय ढांचा 543 लोक सभा क्षेत्र तथा 4,123 विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित है। ऐसे विशाल तथा विविधता भरे भूभाग पर शाशन-प्रशासन की लोक कल्याणकारी नीतियों को सुचारु रूप से नीचे तक पहुँचाना एक दुष्कर कार्य है। लेकिन अच्छी खबर ये है कि तकनीक के आधुनिकीकरण तथा आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीक के विकास से अब लोकतंत्र के पूरे परिदृश्य में बड़े पैमाने पर बदलाव आने की सम्भावना बन रही है। धीरे-धीरे जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी इस नवाचार को अपनाने में रूचि ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के मसले, जो अब तक नौकरशाही की जटिल तथा धीमी प्रक्रियाओं में उलझे हुए रहते थे, नवीन तकनीक के प्रयोग से आसान हो रहे हैं। यह लेख इस पर दृष्टि डालने का प्रयास है कि कैसे एआई आधारित स्टार्टअप्स अपने नवाचार के माध्यम से अधिक प्रभावी, नागरिकों के हितों पर केंद्रित तथा जवाबदेह स्थानीय प्रशासन के मॉडल की राह तैयार कर रहे हैं।

पुरानी तकनीक और सिमित संसाधनों के चलते सरकारी अधिकारियों को बड़े पैमाने पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण करने में कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इस कारण आकड़ों तथा तथ्यों पर आधारित नीतियां बनाने का मजबूत आधार नहीं था। एक विशाल जन समूह की आकांक्षाओं तथा अपेक्षाओं को ध्यान में रखे बिना लिए गए निर्णय, लागु की गई योजनाएं तथा बनायीं गई नीतियां जनता को रास नहीं आती हैं। ऐसी योजनाएं बन भी जाए तो नागरिकों के लिए निराशा का कारण बनती है। बिना तकनीक के इन योजनाओं को लागु करने के लिए अप्रत्याशित कर्मचारियों की आवश्यकता होती है. और इस कारन ये योजनाएँ आखिरी पायदान पर खड़े नागरिक तक सही समय पर नहीं पहुँच पाती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि परंपरागत संचार और संपर्क के माध्यम निर्णय लेने की प्रक्रिया में नागरिकों को प्रभावशाली ढंग से जोड़ने में असफल रहे हैं। यह लोकतंत्र की मूल अवधारणा के विरुद्ध होगा यदि आम नागरिक निति निर्धारण जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सहभागी न बन सकें। एसी परिस्थिति में 'जनता का, जनता द्वारा, और जनता के लिए शासन' जैसा मूल विचार केवल विचार मात्र बनकर रह जाएगा।

सौभाग्य से तेजी से विकसित होती एआई आधारित तकनीक लोकतंत्र के मूलतत्व की रक्षा के लिए प्रभावी साबित हो सकती है। ड्ढ और डेटा एनालिटिक्स की शक्ति से लैस नए जमाने के स्टार्टअप्स स्थानीय प्रशासन के लिए राहत की सांस लेकर आए है। स्थानीय प्रशासन के परंपरागत ढांचे की कार्य प्रणाली में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए इन स्टार्टअप्स की ओर से नए-नए समाधान पेश किए जा रहे हैं। उदाहरण के लिए सेंसर्स और एआई की शक्ति से लैस आंकड़ों का विश्लेषण करने वाले समाधान शहरों में ट्रैफिक के प्रबंधन, ऊर्जा की खपत का आंकलन और कूड़ा निस्तारण जैसी मूलभूत कार्यों को और सुगम बना रहे हैं। इससे अधिक स्मार्ट और दृढ़ शहरों का निर्माण हो रहा है। एआई आधारित अलगोरिथम पुलों और इमारतों जैसे सार्वजनिक आधारभूत ढांचों से संबंधित आंकड़ों का संकलन तथा विश्लेषण करने में सक्षम हैं। इससे उनका रखरखाव बेहतर तरीके से किया जा सकता हैं। संकलित डाटा के आधार पर किसी भी दुर्घटना के घटने से पहले ही उसकी भविष्यवाणी की जा सकती है। इससे समय और धन दोनों की हानि को बचाया जा सकते हैं।

एआई आधारित चैट-बोट आज असल इंसान की तरह नागरिकों के प्रश्नों का उत्तर देने में सक्षम हैं। पुणे और नागपुर में इस प्रकार के चैट-बोट का उपयोग नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान प्रस्तुत करने हेतु किया जा रहा है। इससे नागरिक को सेवा प्रदान करने की गति तेज हो रही है और नागरिकों को समस्याओं का संतोषप्रद समाधान भी मिल रहा है। साथ ही डेटा एनालिटिक्स हमें नागरिकों की जरूरतों और प्राथमिकताओं को समझने में मदद कर रहे हैं।

तकनीक के विकास के साथ आज एक नए तरह के सोशल मीडिया प्लेटफर्म की आवश्यकता है जो नागरिकों को प्रभावी ढंग से संवाद करने और 21वीं शताब्दी के लोकतंत्र में उठने वाले नए-नए प्रश्नों के समाधान में सहभागी बनने का अवसर दे सकें। इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग फोरम, समूहों तथा समुदायों के बीच होने वाले विचार-विमर्श के निष्कर्ष को समझने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ताकत का इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे नागरिकों की वर्त्तमान अथवा आगामी आवश्यकताओं को ध्यान में रख बेहतर नीतियों का निर्माण किया जा सकता है। इस प्रकार से नागरिकों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को उचित समय पर पूरा किया जा सकता है। इतना ही नहीं, नए जमाने के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और उनका तत्काल समाधान करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए सभी अपेक्षित हितधारकों जैसेकि सरकारी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया जा सकता है, जिससे आम नागरिक और प्रश्न के बीच की खाई काम हो सके।

एआई की असीमित क्षमता के बावजूद भी भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग का रास्ता आसान नहीं है। इसमें काफी चुनौतियां है। नागरिकों का विश्वास जीतने के लिए आंकड़ों के विश्लेषण का मजबूत आधारभूत ढांचा यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि नागरिकों से संबंधित आंकड़ों की पूर्ण रूप से सुरक्षा हो और उनका नैतिक रूप से इस्तेमाल किया जाए। सभी नागिरकों की पूर्ण रूप से भागीदारी के लिए इंटरनेट की समान रूप से उपलब्धता भी बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि भारत के गांवों में रहने वाली केवल 43 फीसदी आबादी तक ही इंटरनेट की पहुंच है, जबकि शहरों में यह आकंड़ा 71 फीसदी है। गांवों और शहरों में इंटरनेट की असमानता को दूर किया जाना चाहिए। इसके बाद ही हम एआई और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीक की ताकत का पूरी तरह लाभ उठा सकेंगे। आम जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए नागरिकों और स्थानीय प्रशासन की नीतियों को लागू करने वाले अधिकारियों में स्पष्ट संवाद जरूरी है। इसके साथ ही एआई का जिम्मेदारी से प्रयोग करना भी उतना ही आवश्यक है।

एक बेहतर लोकतंत्र एवं सु-शाशन का भविष्य एआई और आंकड़ों के विश्लेषण की ताकत का पूर्ण रूप से इस्तेमाल करने पर टिका है। नि:सन्देश इन कार्यों में नयी सोच से उपजे स्टार्टअप्स अहम भागीदारी निभा सकते है। नीतियों को लागू करने में आने वाली चुनौतियों और परेशानियों को दूर करने तथा उनका नैतिक रूप से क्रियान्वयन करने से हम एक नए जिम्मेदार, प्रभावी और नागरिकों के हितों पर केंद्रित लोकतंत्र के नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

(लेखक एआई स्टार्टअप पोगोसो के चीफग्रोथ ऑफिसर तथा आईआईटी-आईआईएम के एलुम्नाई हैं।)

इलेक्ट्रोल बांड : छिपाइए नहीं, बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है। पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब, कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमत: यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा-अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है।

दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे।

इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी-घरानों की नींद उड़ी हुई है। पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा। चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं।

हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं। वे आरोपों-प्रत्यारोपों द्वारा, एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है। पिछले कई चुनावों से देखने में आ रहा है कि सत्ताधारी दल और विपक्ष चुनावी भाषणों में शालीनता बनाए रखने में चूकते जा रहे हैं। व्यक्तिगत आरोप और छींटाकशी भरे जुमलों का भरपूर प्रयोग होने लगा है। कुछ भी हो नेताओं को भाषा और शब्दों के चयन की खास शालीनता का ख्याल रखना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा कड़ाई से आदर्श चुनाव संहिता लागू किए जाने के बावजूद नेताओं द्वारा यह चूक होती नजर आती है। शक्ति स्त्री को कहें या सत्ता को, दरअसल यह तो चार जून को मतदाता ही दिखाएगा कि असली शक्ति किसके हिस्से जाती है। यह मूल रूप से इस शक्ति के ही हाथ है कि वह किसे शक्तिवान बनाती है, और किसे शक्तिहीन कर देती है।

कैसी खुशहाली

विश्व खुशहाली रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग का 126वें स्थान पर कायम रहना हमारे लिए विचारणीय और प्रेरक होना चाहिए। विदेशी विद्वान अपने पैमाने पर खुशहाली की गणना करते हैं और जिसमें भारत जैसे विशाल देश की चुनौतियां बेशक भारी पड़ती होंगी। ऐसी स्थिति से निराश तो कतई नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रेरणा के सूत्र जरूर तलाशने चाहिए। खैर, अर्थशास्त्री जॉन एफ हेलिवेल, रिचर्ड लेयर्ड, जेफ्री सैक्स, जान इमैनुएल डी नेवे, लारा बी अकनिन और शुन वांग द्वारा प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने फिर शीर्ष स्थान हासिल किया है, इसमें किसी को आश्चर्य नहीं है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक समीकरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। अत: फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। अमेरिका 23वें और जर्मनी 24वें स्थान पर लुढ़क गया है। हालांकि, यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है।

खुशहाली की रैंकिंग को देखकर कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां धार्मिक आजादी सीमित है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली का अध्ययन होना चाहिए। लगे हाथ यह भी चर्चा होनी चाहिए कि पाकिस्तान ने जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात तालिबान का इस्तकबाल किया था, वह अफगानिस्तान खुशहाली की सूची में सबसे नीचे 143वें स्थान पर है। अफगानिस्तान की ऐसी खुशहाली में पाकिस्तान को अपना चेहरा जरूर देखना चाहिए। एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। भारतीयों के बीच संतोष के भाव, प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहयोग, जीवन प्रत्याशा, स्वतंत्रता, उदारता के भाव में विस्तार जारी रहना चाहिए।

अध्ययन व मानवीयता की मिसाल शहीद भगत सिंह

नंदितेश निलय, नैतिक मूल्य प्रशिक्षक

वह पत्र मॉडर्न रिव्यू के संपादक को लिखा गया था और उसको लिखने वाले थे भगत सिंह। जिस बम-धमाके की आवाज से वह बहरे अंग्रेजी शासन को कुछ सुनाना चाहते थे, वह भगत सिंह हिंसा या बम को लेकर उस पत्र के माध्यम से कुछ कहना भी चाहते थे। उन्होंने यह पत्र सन् 1929 के दिसंबर महीने में लिखा था, 'बम इंकलाब नहीं लाते, बल्कि इंकलाबी तलवार विचारों की शान पर तेज होती है। क्रांति या इंकलाब का अर्थ अनिवार्य रूप से सशस्त्र आंदोलन नहीं होता।'

यह पत्र इसलिए खास है कि जब भी हम भगत सिंह की बात करते हैं, तो सेंट्रल असेंबली पर उनके बम फेंकने की ही ज्यादा चर्चा होती है। स्वतंत्रता संग्राम में तो बहुत गोलियां चलीं और अनेक स्वतंत्रता सेनानी फांसी पर भी चढ़े, मगर इन सबके बीच भगत सिंह अपने आप में एक ऐसे शख्स बनकर उभरे, जिनके अंदर संघर्ष, मानवीयता, साहस, अनुशासन और अध्ययन का अद्भुत समावेश था। ज्ञान की गहराई व मानवीय मूल्यों का रंग लिए भगत सिंह बहुत शांत, अनुशासित और संजीदे इंसान थे।

राजगुरु और सुखदेव के साथ 23 मार्च, 1931 को भगत सिंह को फांसी दी गई थी, मगर वह कितने बेखौफ थे कि अपनी फांसी के कुछ घंटे पहले उस मुस्लिम सफाईकर्मी बेबो से अनुरोध करते हैं कि वह उनके लिए घर से खाना लेकर आएं। भगत सिंह की छोटी-सी कालकोठरी की सफाई बेबो ही किया करती थीं। दरअसल, भगत सिंह इंसानी मूल्यों को उस अंतिम घंटे तक याद रखना चाहते थे। वह कैसे भूल सकते थे कि जीवन भर मां ने उनका कितना ख्याल रखा था? मां का खाना उन्हें हमेशा याद रहा। शायद भगत सिंह यह बताना चाहते थे कि उनके इंकलाब की मिट्टी धर्म और जाति के रंगों से नहीं, बल्कि इंसानियत के रंग से सनी थी। और देशभक्ति इंसानी स्वभाव है ही।

भगत सिंह को फांसी का भय या फर्श का रूखापन नहीं सता रहा था, बल्कि उन्हें तो किताबें याद आ रही थीं। वह तो किताबों के दीवाने थे और फांसी के कुछेक घंटे पहले तक बस पढ़ते रहना चाहते थे। अपने स्कूल के साथी जयदेव को उन्होंने लिखा कि अगर हो सके, तो वह जेल में कुलवीर के हाथों कार्ल लीबनेख्त की मिलिटरिज्म, और आप्टन सिंक्लेयर का उपन्यास द स्पाई भिजवा दें।

उसी लाहौर सेंट्रल जेल में एक और स्वतंत्रता सेनानी कैद थे। उनका नाम था बाबा रणधीर सिंह। उनकी धर्म में बहुत गहरी आस्था थी और जब उन्हें यह पता चला कि भगत सिंह ईश्वर के अस्तित्व को नहीं मानते, तो वह किसी भी तरह से उनसे मिलने उनकी कालकोठरी तक पहुंचे। अपने तर्कों से वह भगत सिंह को समझाने में जब असफल रहे, तब वह उनसे कुछ नाराज से हो गए और कहा कि भगत सिंह अहंकारी हो गए हैं।

तब जेल में बंद भगत सिंह ने अपनी तरफसे ऐसी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, जो बाबा रणधीर सिंह को आहत कर जाए। आजकल जैसे हर छोटी-छोटी बातों में लोग लड़ने बैठ जाते हैं और सामने वाले को भला-बुरा कहे बिना चैन नहीं पाते, बल्कि कहीं-न-कहीं इसमें अपनी जीत भी समझते हैं, तब भगत सिंह का युवा मन अपने साथ न जाने कितने-कितने प्रश्न समेटे हुए था कि बाबा रणधीर सिंह की बातें सुनकर भी वे नाराज नहीं होते, बल्कि ईश्वर को ढूंढ़ने के लिए अपनी कालकोठरी में चिंतन में डूब जाते हैं और फिर वह कालजयी लेख लिखा जाता है, जिसका शीर्षक है- मैं नास्तिक क्यों हूं! यह लेख उनका परिचय भी बन गया। भगत सिंह अपने लेखक के माध्यम से उस सत्य को ढूंढ़ने का प्रयास करते हैं और ईश्वर से सवाल करना चाहते हैं कि अगर वह कहीं है, तो फिर समाज में मनुष्य इतना बदहाल क्यों है?

नहीं, भगत सिंह में अहंकार बिल्कुल नहीं था। वह बस एक मनुष्य थे, न कम, न ज्यादा। स्वामी विवेकानंद की तरह वह भी अपने मनुष्य होने के अर्थ को ढूंढ़ रहे थे। फांसी के तख्त की ओर बढ़ते समय भगत सिंह एक गीत भी गा रहे थे, दिल से निकलेगी न मरकर भी वतन की उल्फत, मेरी मिट्टी से भी खुशबू-ए-वफा आएगी। वह सुरीले गाते भी थे। भगत सिंह का जीवन उस हर युवा को यह सिखाता है कि देशभक्ति सिर्फनारे लगाने से नहीं आती, बहुत पढ़ने-लिखने व वैचारिक स्तर पर विकसित होने से आती है। तभी व्यक्ति साहस कर पाता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

'एक देश, एक चुनाव' पर काम कर गए कोविंद

रामनाथ कोविंद कमेटी ने 'एक देश, एक चुनाव' पर अपनी सिफारिश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। पिछले साल 2 सितम्बर को पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की अगुवाई में एक ताकतवर पैनल बनाया गया था। गृहमंत्री अमित शाह भी इसके हिस्सा थे। तभी साफ हो गया था कि नरेन्द्र मोदी सरकार 'एक देश, एक चुनाव' पर हर हाल में आगे बढ़ना चाहती है। तर्क यह है इससे साल दर साल देश के किसी न किसी हिस्से में होने वाले चुनाव, इसका बेतहाशा खर्च, आचार संहिता से प्रभावित होने वाले सरकार के अन्य नीतिगत फैसले और सुरक्षा एजेंसियों के लंबे समय तक इंगेज के नुकसान आदि से छुटकारा मिल जाएगा।

इन तथ्यों को मानते हुए छोटे दल 'एक चुनाव' पर सहमत नहीं थे तो देश के संघीय ढांचे पर पड़ने वाले चोट की वजह से। उन्हें डर है कि इससे उनकी विधायी एवं संसदीय प्रतिनिधित्व का नुकसान होगा, जो अलग चुनाव में बना रहता आया है। पर यह डर फिजूल है क्योंकि 1967 से इसी व्यवस्था में छोटे दलों का कुछेक राज्यों में सत्ता थी। कोविंद की टीम ने इन मतभेदों और आलोचनाओं का बहुमत के आधार पर हल करने की कोशिश की है। फिर तो माना जाए कि इसे आसानी से लागू कर लिया जाएगा। नहीं, इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। पहले चरण में लोक सभा और सभी विधानसभा चुनाव साथ कराएं जाएंगे और इसके लिए राज्यों से मंजूरी की जरूरत नहीं होगी। संविधान संशोधन के दूसरे चरण में लोक सभा, विधानसभा के साथ स्थानीय निकाय चुनाव हों। कोविंद कमेटी की ये भी सिफारिश है कि तीन स्तरीय चुनाव के लिए एक मतदाता सूची, फोटो पहचान पत्र जरूरी होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

दिव्यांग मतदाता संजय पटेल ने दिलाया सामूहिक शपथ

सारंगढ़-बिलाईगढ़। आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में सारंगढ़-बिलाईगढ़ का मान, शत प्रतिशत मतदान थीम पर होली स्वीप महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु रैली और शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाता संजय पटेल द्वारा उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया। साथ ही दिव्यांग वोटर और 80 वर्ष से अधिक उम्र के वोटर्स को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित रैली में लगभग 500 की संख्या में बिहान समूह की महिलाएं, रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित हुए। महिलाओं द्वारा नागरिकों से शतप्रतिशत मतदान की अपील करते हुए. ' हम महिलाओ ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करवाना है ' के नारे का वाचन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निर्देशक हरिशंकर चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव, एनआरएलएम कैडर,रोजगार सहायक, सचिवगण, जनपद के समस्त स्टाफ और अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

बड़गांव में आयोजित किया गया स्वीप होली कार्यक्रम का आयोजन

बालोद । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव में आज भव्य, वृहद एवं बेहतरीन स्वीप होली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के साथ पूरी आत्मीयता के साथ होली खेली। उन्होंने ग्रामीणों एवं मतदाताओं के साथ पूरी आत्मीय भाव के साथ होली खेलकर यह संदेश देने का प्रयास किया कि आज जिस अपनापन एवं आत्मीय भाव के साथ हम होली का आनंदोत्सव मना रहे हैं। उसी आत्मीय भाव और अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए मतदान तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। ग्राम बड़गांव में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वीप होली का बेहतरीन आयोजन अत्यंत रोमांचकारी नजर आ रहा था। कार्यक्रम में महिलाएं गोपिकाओं के प्रतीक के रूप में मतदाता जागरूकता के संदेश पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा पलाश के फूल की वर्षा कर अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित सुमधुर फाग गीत की प्रस्तुति कर ग्रामीणों एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान स्वीप होली कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सुमधुर फाग गीत की प्रस्तुति से ग्रामीण एवं श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए थे। गीत-संगीत से भाव विभोर होकर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने खूब होली नृत्य किया।

लोकसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम होगी: बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। हमारी भारतीय जनता पार्टी की बड़ी ताकत है युवा मोर्चा। प्रत्येक चुनाव में मोर्चा अहम भूमिका निभाता रहा है। इस बार भी भाजपा के युवा तुर्क अपना पराक्रम दिखाएंगे और नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए रायपुर लोकसभा से भाजपा को प्रचंड जीत दिलाएंगे। यह बात वरिष्ठ मंत्री और रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल शुक्रवार को भाजयुमो रायपुर शहर जिला की बैठक के दौरान कही। बैठक का आयोजन भाजपा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में किया गया था।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंत्री अग्रवाल ने कहा कि, पहले के चुनाव बिजली, पानी, सड़क पर केंद्रित होते थे। लेकिन अब समय बदल गया है। अब विकसित भारत बनाने को लेकर चुनाव हो रहा है। भारत को विश्व गुरु और अखंड भारत बनाने के लिए चुनाव हो रहा है। मोदी ने आम आदमी के जीवन को बदलने वाली अनेक योजनाएं चलाईं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है बस जनता को जागरूक करने की जरूरत है। आज की तारीख में मोदी ने युवाओं के जीवन को बदलने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। इससे युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि वो स्वयं को सम्मानित और सुरक्षित भी महसूस कर रहे हैं। जब युवा शक्ति सही मार्गदर्शन और सही समर्थन प्राप्त करती है, तो वो इतनी मेहनत करती है कि उसके सामर्थ्य बढ़ जाते हैं।

युवाओं में उम्मीद, जोश, संकल्प और स्वावलंबन होता है जो उन्हें आगे बढ़ने और दृढ़ता से अपने लक्ष्य को अर्जित करने में सहायता करता है। युवा शक्ति देश की दशा और दिशा बदलने का दम रखती है। किसी भी लक्ष्य को पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा से हासिल कर सकती है। उन्होंने मोर्चा के कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता के बीच जाने के लिए कहा। साथ मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को जनता को बताने को कहा।

उन्होंने यह भी कहा कि, कांग्रेस सरकार में यूपीएसएसी, भ्रष्टाचार का बोल बाला था जबकि भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है। अकेले स्कूल शिक्षा विभाग में 33 हजार से ज्यादा भर्तियों की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जो युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि, रायपुर लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा जनता को मतदान के लिए जागरूक करें और अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें।कार्यक्रम में शामिल मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से ऐतिहासिक जीत दिलाने का संकल्प लिया ।

सम्मेलन में सांसद सुनील सोनी, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश मोहरे, प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गंधर्व पांडेय, जिला प्रभारी मनीष पांडेय, जिला अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता, जिला महामंत्री प्रणय साहू, अर्पित सूर्यवंशी सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक धनगर, मनमित सिंह पन्नू अल्पसंख्यक समेत सकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

पाप कर्म और पुण्य कर्म किसी भी जन्म में मनुष्य का पीछा नहीं छोड़ते: ब्रम्हचारी विजय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड में ट्रस्ट कमेटी एवं कार्यकारिणी एवं सकल जैन समाज के तत्वावधान में चल रहे अष्टानिक महापर्व के छठे दिन सिद्धचक्र महामंडल विधान में 22 मार्च को ब्रह्मचारी विजय भईया (गुणायतन) के सानिध्य में 512 अर्घ्य चढ़ाएं गए। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया की आज सर्वप्रथम प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान व 24 वे तीर्थंकर महावीर भगवान को पांडुकशीला में विराज मान कर 4 स्वर्ण कलशों की स्थापना की गई।

तत्पश्चात स्वर्ण कलशों से सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने अभिषेक प्रारंभ किया। आज की चमत्कारिक रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता वृहद शांति धारा करने का सौभाग्य सनत कुमार समित कुमार गंगवाल, श्रेयश जैन बालू पवन कुमार, समित कुमार जैन समता कॉलोनी, रजनीश जैन टैगोर नगर वालो को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात सातवी वाले पूजा कर सिद्ध चक्र विधान मंडल पर कुल 512 अर्घ्य चढ़ाए।

विधानाचार्य ब्रह्मचारी विजय भईया (गुणायतन) ने अपने वक्तव्य में बताया की इंसान का जीवन उसके कर्मों के अनुसार पाप और पुण्य के बीच चलता है। जब तक पुण्य कर्म चलता है, तब तक मनुष्य उत्तम जीवन बिताता है, जब पाप कर्म आता है तो अकस्मात उसके ऊपर ऐसी विपत्ति आ जाती है कि मानो ईश्वर किसी घोर दुष्कर्म का दंड दे रहा हो।उन्होंने कहा कि यह सब अपने अपने कर्मों का पाप पुण्य का फल है, जिसने जैसा बोया, उसको वैसा ही काटना पड़ेगा। इसीलिए हमेशा अच्छे सद्कर्म करो, धर्म करो, पाप कर्म से बचो। सदैव समभाव रखते हुए धार्मिक क्रियाकलाप अभिषेक पूजन मुनीराजो के सेवा में लगे रहना चाहिए जिससे आप का पुण्य अनेकों गुना बढ़ता है पाप कर्मों का क्षय होता है और जो पाप कर्म से जो परेशानियां जीवन में आती है उससे घबराना नहीं चाहिए समता भाव पूर्वक सहन करना चाहिए।

आज कुबेर इंद्र नरेंद्र जैन अरुणा जैन गुरुकृपा परिवार द्वारा मंडल एवं उपस्थित श्रद्धालुओं पर रत्न वर्षा भी को गई। विधान में सभी प्रमुख प्रमुख पात्र जैसे महासती मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य महेंद्र कुमार,सनत कुमार ,अनिल कुमार ,रोमिल जैन चूड़ी वाला परिवार को प्राप्त हुआ सौधर्म इंद्र श्रेयश बालू जैन रुचि जैन,कुबेर इंद्र योगेंद्र कुमार नरेंद्र कुमार जैन गुरुकृपा परिवार ,महायज्ञ नायक संजय दीप्ति जैन प्रेमी परिवार,यज्ञ नायक भरत जैन,ईशान इंद्र लोकेश चंद्रकांत जैन ,सनत इंद्र,मीठालाल जैन,माहेंद्र इंद्र,नीरज जैन,महामंडलेश्वर पुष्पेंद्र जैन, रजनीश जैन, संजय सरिता जैन, प्रणीत जैन मंडल निर्माण पुण्यार्जक विजय कुमार अजय कुमार संजय नायक परिवार, सिद्ध चक्र यंत्र पुण्यर्जक अनिल जैन बिलासपुर,प्रभात शालिनी जैन को प्राप्त हुआ। सभी प्रतिदिन सपरिवार उपस्थित होकर विधान में अर्घ्य समर्पित कर रहे है। प्रतिदिन रात्रि में श्रीजी संगीतमयी भव्य आरती प्रतिदिन की जा रही है। संगीतमय आरती लता जैन निलेश जैन ओमकार म्यूजिकल ग्रुप सागर के मधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में जमकर थिरके।

महिला समूहों की दीदियों के बनाए हर्बल गुलाल से सुकमा जिलेवासियों की होली में आयेगी बहार

श्रीकंचनपथ न्यूज

सुकमा। कलेक्टर हरिस एस. को उनके निवास पर आकृति स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल भेंट किया गया। इस दौरान महिला समूह की दीदियों ने बताया कि वे स्थानीय फूलों का उपयोग कर प्राकृतिक ढंग से यह हर्बल गुलाल तैयार किये हैं, जिसे स्थानीय हाट-बाजार में भी विक्रय कर रहे हैं। कलेक्टर हरीस एस. ने महिला समूह की उक्त प्रयास को सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया।

वहीं उन्होंने महिला समूह की दीदियों के आग्रह पर कलेक्ट्रेट परिसर में भी हर्बल गुलाल बिक्री की अनुमति दी और अधिकारियों-कर्मचारियों को महिला समूह द्वारा तैयार नेचुरल गुलाल का उपयोग होली त्यौहार के लिए किये जाने कहा। विदित हो कि इस वर्ष कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा द्वारा आदिवासी उप योजनान्तर्गत छह महिला स्व-सहायता समूहों को प्राकृतिक रूप से गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था, जिसमें से दो महिला समूहों मुस्कान एवं आकृति ने करीब 10 क्विंटल हर्बल गुलाल तैयार किया है। इसे बेचकर उक्त महिला समूह की दीदियां होली त्यौहार के लिए आय अर्जित करेंगी।

नुक्कड़-नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के निर्देशन में शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के प्राचार्य डॉ. साधना खरे तथा शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के प्राचार्य राम हरिशरण के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुये कोरबा शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने हेतु शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना
NSS
समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास
SVEEP PLAN
व्यवस्थित मतदाता जागरूकता एवं मतदान में सहभागिता कार्यक्रम
(Systematic Voters Education & Electoral Participation)
इं. विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय
कोरबा (छ.ग.)

शासकीय ईवीपीजी कॉलेज तथा डाईट संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को 07 मई मतदान के दिन को ना भूलकर, अनिवार्य रूप से निष्पक्ष मतदान को प्राथमिकता देने तथा आस-पास के अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष श्री बलराम कुर्रे ने उपस्थित मतदाता को बताया कि मतदान एक महादान है, हमारा एक वोट प्रत्याशी का भाग्य का बदल सकता है,प्रत्येक वोट का महत्व है, इसलिए हमें एक शिक्षित एवं जागरूक मतदाता बनकर अपना वोट देकर चुनाव आयोग के कार्य में सहभागिता देनी है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के व्याख्याता एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गौरव शर्मा ने संदेश देते हुए मतदाताओं से अपील किया कि चुनाव में एक -एक वोट महत्वपूर्ण होता है, एक वोट हमारा भाग्य बदल सकता है, इसलिये मतदान के दिन सब कार्यों में पहली प्राथमिकता मतदान को देना है एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने जाना है। महाविद्यालय के गृहविज्ञान के विभागाध्यक्ष एवं एनएसएस अधिकारी अजय पटेल ने कहा कि हर मतदाता अपने बच्चे और परिवार के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखकर मतदान करें। हर एक वोट से देश की दशा और दिशा बदल सकती है इसलिए समय निकालकर मतदान के दिन अवश्य मतदान करें। महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष श्री कन्हैया सिंह कँवर ने जन समुदाय से अपील किया कि मतदाता राष्ट्र का भाग्य निर्माता होते है, हमारा एक वोट सही व्यक्ति के चुनाव में महत्वपूर्ण होता है।

आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाये होली का पर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरिया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा आने वाले दिनों में होली, रमजान, ईद और गुड फ्राइडे पर्व के मद्देनजर जिलेभर के सभी थाना एवं चौकी में दिनांक 21 मार्च 2024 को शांति समितियों की बैठक के लिए निर्देशित किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इन शांति समिति की बैठको का मुख्य उद्देश्य आने वाले दिनों के त्योहारों को लेकर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने की तैयारियों को लेकर की गई थी। जिसमें सभी थाना के जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों से इस संबंध में आवश्यक सुझाव भी लिए गए। शान्ति समिति की इन बैठकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए आचार संहिता का पालन कर होली पर्व को आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कहा गया है।

यह भी बताया गया है कि इस दौरान दुपहिया वाहन में तीन सवारी, तेज चलाने वाले बाइकर्स, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। बैठको में कहा गया कि होली में नशीले पदार्थ का सेवन न करें, किसी के ऊपर जबरन रंग न लगावें, ग्रीस एवं कांच युक्त रंगों का प्रयोग न करें, अश्लील हरकतों एवं शब्दों का प्रयोग न करें, हुडदंग, मारपीट, गाली गलौज, शोर शराबा न करें, किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करें, शहर/गांव में गाड़ियों में तेज आवाज में म्यूजिक चलाकर हुडदंग न करें एवं परिवर्तित दोपहिया वाहन साइलेंसर (तेज आवाज निकलने वाले फ्टाके की तरह) का प्रयोग न करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाए चल रही है साउंड सिस्टम का उपयोग बिना अनुमति के न किया जाए तथा अनुमति प्राप्त होने पर धीमे आवाज में बजाया जाए।

शान्ति समिति की इन बैठकों में उपस्थित सम्मानीय लोगो से यह भी कहा गया कि उक्त पर्व में सभी यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षा में लगें सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें, होलिका दहन सुरक्षित स्थान पर करें, इलेक्ट्रिक खंबों एवं तारों का ध्यान रखें एवं एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें।

विकास ने नागरिकों से वोट करने की अपील

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय शुक्रवार सुबह रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शंकर नगर में अपने चुनाव का प्रचार-प्रसार करने पहुँचे। यहां सुबह सैर पर निकले नागरिकों से उनके जनसंपर्क की शुरूआत हुई।

विकास उपाध्याय ने वहाँ पर आमजनों से मिलकर कांग्रेस को वोट देने की अपील भी की। वे लगातार क्षेत्र के आमजनों से मिलकर रायपुर लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने लोगों का आशीर्वाद भी ले रहे हैं।

आगामी दिनों रंगों का मुख्य त्यौहार ''होली'' सामने है ऐसे में विकास उपाध्याय से मिल रहे नागरिकों ने अपना स्नेह व प्यार सूखी होली के माध्यम से दिया। इसके बाद विकास उपाध्याय ने भी वरिष्ठजनों को रंग लगाकर उनसे आशीर्वाद के रूप में वोट करने की अपील की।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

केजरीवाल की गिरफ्तारी से राजधानी रायपुर में विरोध प्रदर्शन

रायपुर। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ में भी सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ हमला बोला। केजरीवाल को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था।

आम आदमी पार्टी (आप) की छत्तीसगढ़ इकाई ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। पार्टी के लगभग 100 नेता और कार्यकर्ता पार्टी के झंडे और राष्ट्रीय ध्वज लेकर शहर के आंबेडकर चौक पर एकत्रित हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए। पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई की सचिव प्रियंका शुक्ला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा, ''वे 'एक राष्ट्र, एक पार्टी' चाहते हैं। वह एक तानाशाह की तरह सरकार चलाना चाहते हैं जिसमें वे सब कुछ नियंत्रित कर सकें।'' शुक्ला ने कहा, ''केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार दिल्ली के लोगों के जनादेश के साथ पूर्ण बहुमत के साथ तीन बार चुनी गई। उनकी गिरफ्तारी न केवल केजरीवाल पर हमला है बल्कि यह दिल्ली के लोगों, एक विचारधारा और लोकतंत्र पर हमला है।''

धरना स्थल पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जब पुलिस कर्मियों ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए जारी आदर्श आचार संहिता का हवाला देते हुए विरोध प्रदर्शन नहीं करने के लिए कहा तब प्रदर्शनकारियों ने वहां से जाना शुरू कर दिया। कांग्रेस के नेताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध किया है।

पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 2023 के परिणाम घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर इस बार प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम जारी किए गए हैं। मुख्य परीक्षा हेतु अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक और नाम के साथ ही वर्गवार और उपवर्गवार कटऑफ नंबर भी घोषित किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी परिणाम में मुख्य परीक्षा हेतु कुल 3597 अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की है। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 17 सेवाओं हेतु कुल 242 पद विज्ञापित की गए थे। इसके लिए 1 लाख 58 हजार 211 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए थे।

प्रदेश प्रभारी की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रवेश

राष्ट्र सेवा संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है भाजपा-नितिन

भारतीय जनता पार्टी
छत्तीसगढ़

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को भाजपा प्रदेश सह प्रभारी एवं बिहार सरकार के मंत्री नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, भरत लाल वर्मा , भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रितेश गांधी के उपस्थिति में धमतरी के पूर्व विधायक के पुत्र सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा प्रवेशित लोगों को पार्टी का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया।

छत्तीसगढ़ भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है, अभिनंदन है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ काम करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार तीन विषयो को आधार मानकर काम करती है। हर गरीब तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना, देश की सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना,देश का परचम ,विश्व भर में लहराना। आज हर कोई मोदी का सिपाही बनना चाहता है आप सभी का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है।

इस दौरान 2 बार के पूर्व विधायक केसरीमल के पुत्र व कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कुमार लुंकड़, ,धमतरी के रोटरी क्लब अध्यक्ष अजय गोयल, रजत कुमार लुंकड़, प्रदीप अग्रवाल, सलद अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष रोटरी का धमतरी, अमित महावर, सत्येंद्र शर्मा, रवि दोषांत, अजीत खंडेलवाल, अभिषेक गोयल, मनोज कोठारी, हर्षित गांधी, अविनाश यादव, देवेश पवार, पुरुषोत्तम यादव, विनय साहू, कृष्ण कुमार यादव, पुरुषोत्तम सिंह, कमल साहू, आकाश शर्मा, भागवत प्रसाद धृतलहरे सेवा निवृत्त कार्यपालन अभियंता, खेमलाल सोनवानी, उत्तम कुमार टोडर, हेमचंद सोनवानी, बालकृष्ण मारकंडे, राजकुमार सोनवानी, विजय कुमार टोडर, अरुण कुमार धृतलहरे, विष्णु मारकंडे, संजुक भारती, चंद्र प्रकाश जोशी, बल्ला भारती, मोहित सोनवानी, सुमित कुमार टोडर, गैंदलाल टोडर, चंद्र दत्त जोशी, करण धृतलहरे, किरण बारले, दिलीप कुमार टोडर, योगेश्वर टोडर, आदित्य कुमार, राकेश गायकवाड, जितेंद्र कुमार, श्रीमती कामिनी गेन्दरे, लालपुर वार्ड क्रमांक 55 मितानिन महिला समिति से मितानिन मीना साहू, सती साहू, कांति साहू, प्रमिला, कौशल्या, उर्मिला तिवारी, गीता यादव, घसनीन, कावेरी, प्रेमवती पांडे, मनीषा, मितानिन ममता साहू, प्रेमलता, पूर्णिमा, हेमलता, गौरी, मोहनी, रेखा, दुर्गा, लक्ष्मी, होम बाई, गायत्री, मितानिन कुमारी धीवर, चंद्र किरण साहू, फुलेश्वरी साहू, उर्वशी साहू, धनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, भारतलीन साहू, दुश्मत साहू, सुमित्रा साहू, पार्वती साहू, सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों ने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस डूबती नाव अब लोग जान बचाकर भाग रहे है : अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा प्रवेश करने वाले लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसी मीडिया की खबर पर नजर डालें यही वातावरण दिखता है कि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का सिलसिला चल पड़ा है। इस बात को समझने की आवश्यकता है आखिर यह सिलसिला क्यों चल रहा है? विपक्षी अलग-अलग प्रकार की बाते बोलते हैं पर वास्तविकता यह है कि पिछले 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा जो बदली है यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से हुआ है।

नदारद अधिकारी व कर्मचारियों के एक दिन के वेतन काटने का आदेश

कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित समाज कल्याण और उपसंचालक कार्यालय मत्स्य पालन का किया औचक निरीक्षण

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित में समाज कल्याण कार्यालय एवं उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन, तेलीबांधा का औचक निरीक्षण किया। कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का असाधारण अवकाश घोषित करते हुए वेतन काटने का निर्देश दिया।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज सुबह 10:25 बजे उप संचालक कार्यालय मत्स्य पालन और 10:40 बजे सयुक्त समाज कल्याण कार्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी देखी। वहां कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाने पर उपस्थिति पंजी अपने साथ ले आएं। साथ ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समाज कल्याण और उप संचालक मत्स्य पालन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

निरीक्षण के दौरा मत्स्य पालन विभाग के कुल 7 कर्मचारी एवं समाज कल्याण विभाग के कुल 8 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए और एक दिन की असाधारण अवकाश घोषित करते हुए उनके एक दिन का वेतन काटने के लिए वित्त शाखा को निर्देश दिया।

बसपा ने दो प्रत्याशी के नाम किए घोषित

रायपुर। बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित कुमार डहरिया एवं बस्तर से आयतुराम मंडावी का नाम घोषित किया है। आगामी लोकसभा चुनाव में अन्य सीटों पर पार्टी अध्यक्ष के निर्देशानुसार जल्द नाम घोषित किये जाएंगे। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

मुख्यमंत्री हो या कोई और, कानून सभी के लिए समान है : विजय

केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले गृहमंत्री शर्मा

रायपुर। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद राजनीति भी तेज हो गई है। उनकी गिरफ्तारी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, दिल्ली की तरह प्रदेश में भी शराब घोटाले पर एफआईआर हुई है। उसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कई अन्य लोगों के नाम हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही होगी। कानून सबके लिए समान है, चाहे वह मुख्यमंत्री हो या कोई भी हो। मछली हो या मगरमच्छ सब पर कार्रवाई होगी। छत्तीसगढ़ में जो घोटाला हुआ है उसको बच्चा-बच्चा जानता है और प्रदेश में शराब घोटाले में कार्यवाही चल रही है। छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट गया है। इसलिए जो आवश्यक कार्रवाई है वो की जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट द्वारा बैठकें लेने पर कहा कि, सचिन पायलेट चुनाव लड़ने से पीछे क्यों हट रहे पहले वो बताएं।

भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं : अरुण

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, आईएनडीआई गठबंधन को देश भ्रष्टाचारियों का एकत्रीकरण मानता है। भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं और जो लोग जेल में हैं उनकी जमानत नहीं हो रही है। यही लोग कभी ईमानदारी के ठेकेदार बनते थे। एजेंसियां साक्ष्य के आधार पर काम कर रही है और जो जैसा करेगा वैसा भरेगा यह साफ दिखाई दे रहा है।

घोटाला करने वालों को सजा जरूर मिलेगी : ओपी चौधरी

आबकारी घोटाला मामले में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान

रायपुर। आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से ही दिल्ली समेत पूरे देश में सियासी हलचल तेज हो गई है। एक तरफ जहां आप और विपक्ष के लोग सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे हैं, तो वहीं भाजपा के लोग इस कार्रवाई को सहीं बता रहे हैं। दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में हुई कार्रवाई अब छत्तीसगढ़ तक पहुंच गई है। आबकारी घोटाला मामले में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान सामने आया है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। इस शराब घोटाले को तत्कालीन सीएम की शह मिली थी। शराब घोटाले के पैसे से तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुर्सी बची रही। भूपेश बघेल ढाई साल के बाद भी सीएम के पद पर बने रहे। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि, उन्होंने शराब घोटाले का पैसा गांधी परिवार को पहुंचाया। मंत्री चौधरी ने आगे कहा कि, प्रदेश में शराब घोटाला करने वालों को सजा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, महादेव ऐप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ एफआईआर हुई है और ईडी न्यायिक प्रक्रिया के तहत काम कर रही है।

महंगा हुआ सोना और चांदी

रायपुर। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के लगते ही सराफा बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्राहकी नहीं होने के कारण कारोबारी गतिविधियां भी एक तिहाई रह गई है। राजधानी रायपुर में जहां सामान्य दिनों में 20 करोड़ का कारोबार होता है वह अब 5 करोड़ रह गया है। वहीं प्रदेश की बात करें तो सामान्य दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा और इस समय करीब 10 करोड़ कारोबार हो रहा है।

सराफा कारोबारियों का कहना है इसकी मुख्य वजह खरीदारों द्वारा बड़े रकम का ट्रांजेक्शन और नकदी लेकर बाहर निकलने से परहेज करना है। पुलिस और फ्लाइंग स्क्वायड की चेकिंग के चलते 50, 000 रुपए से ज्यादा कैश लेकर निकलने से डर रहे। उन्हें आशंका है कि पकड़े जाने पर रकम का हिसाब देना पड़ेगा। इसके नहीं दे पाने पर रकम जब्त हो सकती है। साथ ही परेशानी का सामना भी करना पड़ सकता है। बता दें कि इस समय ब्लैकमनी और तस्करी रोकने के लिए शहर के चौक-चौराहों से लेकर आउटर के इलाकों में चेकपोस्ट बनाए गए हैं। जहां वाहनों और संदिग्ध लोगों की जांच की जा रही है।

इस समय सोना प्रति तोला (10ग्राम) की कीमत करीब 70 हजार रुपए है। जीएसटी सहित 3 ग्राम सोना का ज्वेलरी खरीदी करने वाले को 2 लाख 10 हजार रुपए देना पड़ेगा। इसका भुगतान नकद या फिर ऑनलाइन करना पड़ेगा। यूपीआई से एक दिन में 99,000 तक की सुविधा बैंकों द्वारा दी गई है। वहीं दुकानदार द्वारा यूपीआई से 1 लाख 90 हजार तक दुकानदार द्वारा भुगतान लिया जाना है।

जुर्माने की बजाय वाहन चलाकों को सिखाया जा रहा यातायात नियम, पास होने पर नहीं कटेगा चालान

वाहन चालक यातायात नियमों का कर रहे उल्लंघन

यातायात की पाठशाला
पालन करें, सुरक्षित रहें
Help line No - 94791912
यातायात पुलिस रायपुर
निजात
नशे को ना, जिंदगी को हाँ
रायपुर पुलिस, छत्तीसगढ़

रायपुर। यातायात पुलिस रायपुर द्वारा राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित व सुरक्षित बनाने तथा लोगों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता लाने हेतु एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा एक नई पहल शुरू किया गया है। जिसके तहत उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी एवं पालन के प्रति जागरूकता लाने चौक पर ही यातायात की पाठशाला आयोजित की जा रही है। जिसके तहत यातायात रायपुर के प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा चौक-चौराहों में यातायात की पाठशाला आयोजित कर उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को रोककर नियमों की जानकारी तथा पालन करने हेतु प्रशिक्षण देने का काम कर रहें है, साथ ही यातायात संकल्प पत्र भराकर भविष्य में दोबारा उल्लंघन नही करने की शपथ दिलाई जा रही है।

पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के उल्लंघनकर्ताओ पर सख्ती और जुर्माने कार्यवाही की जा रही हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जागरूकता सहित कई प्रकार से प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में यातायात नियमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए नया तरीका निकाला गया है। जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह द्वारा उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के लिए चौक पर ही यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रशिक्षित करने के निर्देश किया गया हैं। जिसके तहत आज शहर के शास्त्री चौंक, मरीन ड्राइव एवं रेलवे स्टेशन चौंक में यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा शास्त्री चौंक में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और उपस्थित उल्लंघनकर्ता चालकों से अपील की गई कि वे नियमों का पालन कर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। साथ ही संकल्प ले कि भविष्य में सभी यातायात नियम का पालन करेंगे। इसी क्रम में शहर के तेलीबांधा तालाब के पास अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा द्वारा एवं रेलवे स्टेशन परिसर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रोटोकॉल रायपुर डॉ अनुराग झॉ द्वारा यातायात की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी साथ ही भविष्य में नियमों का पालन कर वाहन चलाने यातायात संकल्प पत्र भराया गया। यातायात की पाठशाला कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख उद्येश्य नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को स्पॉट पर ही रोककर यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित किया जाना है। उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में क्लास लगाकर विस्तार पूर्वक जानकारी देंगे। उसके बाद उनसे प्रश्न पूछा जायेगा और जो लोग सही जवाब देंगे उन्हें बिना जुर्माना किये जाने दिया जाएगा। जो फेल होगें उनको पुनः क्लास करना होगा। साथ ही भविष्य में नियमों का पालन कर वाहन चलाने हेतु संकल्प पत्र भरवाया जाएगा ताकि शहर की यातायात सुव्यवस्थित एवम् सुरक्षित तरीके से संचालित हो सके। शास्त्री चौक पर मीडिया के साथियों से बात करते हुए एसएसपी रायपुर ने बताया कि रायपुर में यातायात पुलिस अब लगातार चौक-चौराहों पर यातायात की पाठशाला लगाएगी। इसमें सड़क पर उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक क्लास लगाई जायेगी और उन्हे यातायात नियमों और उनका उल्लंघन करने पर कार्यवाही के बारे में जागरूक किया जायेगा तथा उनसे संकल्प पत्र लिया जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई,
न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel
Apana Keshari Lodge,
Power House,
Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market,
Power House
Bhilai 9826181183

बड़ी उम्र की वजह से अब मां नहीं बन सकती रानी

रानी मुखर्जी बड़ी उम्र की वजह से अब मां नहीं बन सकतीं। उनको इस बात का दुख है कि बेटी अदिरा को कोई सिबलिंग नहीं दे पा रहीं। उन्होंने अपने मिसकैरिज पर बात की।

रानी मुखर्जी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी वह कोई अपडेट नहीं देतीं। 21 मार्च को उनका जन्मदिन था। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से बात की और काफी कुछ शेयर किया। रानी की बेटी अदिरा का चेहरा आम पब्लिक ने शायद ही देखा हो। उन्होंने बताया कि पहली बेटी होने के बाद ही वह दूसरे बच्चे के लिए ट्राई करने लगी थीं। मिसकैरिज होने के बाद से वह ट्रॉमा में हैं।

मां बनकर बदल जाती है औरत

रानी मुखर्जी 46 साल की हो गईं। उन्होंने गलाट्टा इंडिया से बातचीत में कहा कि वह अंदर से जवान हैं और चाहती हैं कि लोग जब मिलें तो टीना के रूप में ही याद करें। रानी ने बताया कि मां बनने के बाद एक औरत इतनी बदल जाती है कि उसका पति तक हैरान होता है। उसमें मां दुर्गा का रूप आ जाता है, वह मां बन जाती है। रानी ने दोबारा मां न बन पाने का दर्द भी साझा किया।

खोया बच्चा

रानी बोलीं, मैंने 7 साल तक दूसरा बच्चा पैदा करने की कोशिश की। मेरी बेटी 8 साल की है। उसके होने के तुरंत बाद मैंने दूसरे बच्चे के लिए कोशिश की थी। मैं कोशिश करती रही। फाइनली प्रेग्नेंट हुई और बच्चे को खो दिया। जाहिर सी बात है यह मुश्किल वक्त था।

अदिरा है मिरैकल बेबी

रानी ने कहा, अब वो उम्र नहीं अब मैं दूसरा बच्चा पैदा कर सकूं। मेरे लिए यह बेहद ट्रॉमैटिक है कि मैं अपनी बेटी को भाई या बहन नहीं दे पा रही। मुझे इससे बहुत कष्ट होता है। रानी ने कहा कि जो है उसका शुक्रगुजार होना चाहिए। बहुत से लोग हैं जिनके एक बच्चा भी नहीं है। वह बोलीं कि अदिरा उनके लिए चमत्कारी बच्ची है।

घरेलू नुस्खे

अगर घर में लगे कांच दिखने लगे हैं गंदे

अगर आपके घर की खिड़कियों में लगे कांच या कोई और कांच गंदे और धूल से भरे दिख रहे हैं, तो परेशान न हों। कांच को साफ करना कभी-कभी मुश्किल लग सकता है, खासकर जब वे पुराने और धुंधले नजर आने लगें। लेकिन, हम आपको बताएंगे बहुत ही सिंपल और काम के टिप्स, जो आपके कांच को झटपट चमका देंगे, वो भी बस 2 मिनट में। इन आसान उपायों से आपके कांच न केवल साफ हो जाएंगे बल्कि आपका घर भी ज्यादा साफ-सुथरा और खूबसूरत दिखेगा।

सिरका और पानी का मिश्रण

कांच की सफाई के लिए, एक स्प्रे बोतल में सिरका और पानी को समान मात्रा में मिला लें। इस साधारण सफाई समाधान को गंदे कांच पर छिड़कें। उसके बाद, एक साफ माइक्रोफाइबर कपड़े की मदद से हल्के हाथों से पोंछ दें। यह आसान तरीका कांच को बिना किसी खरोंच के साफ कर देती है, जिससे वह फिर से चमकने लगता है।

न्यूजपेपर का प्रयोग

कांच को चमकाने के लिए सिरका और पानी का मिश्रण बनाकर उससे कांच साफ करें। इसके बाद, एक पुराने अखबार का टुकड़ा लेकर कांच पर अच्छे से रगड़ें। ये तरीका कांच को बहुत चमकदार बना देता है।। बस, इतना करने से ही आपके कांच फिर से नए जैसे चमकने लगेंगे।

बेकिंग सोडा का उपयोग

कठिन दागों को हटाने के लिए, बेकिंग सोडा और थोड़े पानी से एक गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को दाग वाले स्थान पर लगाएं और उसे कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। यह पेस्ट दाग को सोख लेगा। कुछ समय बाद, एक साफ कपड़े से इसे अच्छी तरह साफ कर दें। यह तरीका दागों को आसानी से हटा देगा और आपके कांच को फिर से नई जैसी चमक देगा।

रबिंग अल्कोहल

कांच को साफ करने के लिए रबिंग अल्कोहल एक बहुत ही अच्छा उपाय है। बस थोड़ा सा रबिंग अल्कोहल एक कपड़े पर डालें और उससे कांच की सतह को अच्छे से पोंछें। इससे कांच साफ होने के साथ-साथ उसपर मौजूद कीटाणु भी मर जाते हैं। यह तरीका न केवल आसान है, बल्कि इससे कांच पर बिना किसी दाग-धब्बे के चमक भी आ जाती है।

कृति ने यूं रचाई थी पिया के नाम की मेहंदी

कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की शादी की फोटोज ने सोशल मीडिया पर खूब प्यार बटोरा और अब उनके मेहंदी फंक्शन की पिक्स की बारी है। हाल ही में कपल की शादी के इस कार्यक्रम से जुड़ी खूबसूरत तस्वीरें सामने आईं, जिनमें कृति पिया के नाम की मेहंदी लगवाते हुए बेहद सुंदर दिखाई दीं।

एक्ट्रेस कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट ने हाल ही में सात फेरे लेते हुए एक-दूसरे को जीवनसाथी बनाया है। दूल्हा-दुल्हन लुक में जब इस जोड़े की शादी की तस्वीरें सामने आई थीं, तो लोगों ने तारीफों की बारिश कर डाली थी। इस जोड़े के कपड़े बाकी किसी भी बीटाउन कपल्स के वेडिंग अटायर्स से काफी अलग थे। इन्हें पहनकर दोनों ही किसी रॉयल्टी से कम नहीं लग रहे थे। और अब इनकी मेहंदी सेरेमनी की पिक्स भी सामने आ चुकी हैं।

पिया के नाम की मेहंदी हाथों पर सजाने के लिए कृति बड़ा ही सुंदर लहंगा पहनकर तैयार हुई थीं। इसके साथ उन्होंने जो जूलरी कॉम्बिनेशन बनाया था, वो भी जबरदस्त स्टाइल गोल्स देने वाला था। आप भी जब इस अदाकारा के इस लुक को देखेंगी तो यकीनन तारीफकरने से खुद को रोक नहीं सकेंगीं।

ऐसा था कृति का लहंगा

एक ओर जहां कई एक्ट्रेस मेहंदी के लिए ग्रीन, येलो या पिंक कलर का आउटफिट चुनती हैं, वहीं कृति ने इस फंक्शन के लिए एकदम हटकर रंग के अटायर को चुना था। इस खूबसूरत बाला ने आइवरी पेस्टल कलर का लहंगा कैरी किया था। पैनल्ड स्कर्ट वाले इस लहंगे में टूल फैब्रिक का इस्तेमाल किया गया था। इस पर की गई फ्लोरल थ्रेड और सिल्वर जरी ने जान डालने का काम किया। साथ ही इसके सलमा, डबका और सीक्विन वर्क ने स्कर्ट की खूबसूरत में चार-चांद जोड़ दिए।

2024 में धमाका मचाने, मिलेंगे देशी में विदेशी तड़के

आखिर आ ही गया माधुरी का 'चोली के पीछे क्या हैं'



माधुरी का देसी स्टाइल या फिर करीना का ग्लैमरस लुक, 'चोली' गाने में किसने चलाई लोगों के दिलों पर छुरिया?

आखिर आ ही गया माधुरी का 'चोली के पीछे क्या है' 2024 में धमाका मचाने, मिलेंगे देसी में विदेशी तड़के। ग्लैमर इंडस्ट्री की तीन बेहतरीन एक्ट्रेस और हसीनाएं जल्द ही एक साथ फैंस पर बिजलियां गिराने के लिए तैयार हैं। जी हां! हम बात कर रहे हैं तब्बू, करीना कपूर खान, और कृति सेनन की, जिनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'क्रू' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। वहीं इसके बाद से मेकर्स एक के बाद कई फिल्म के गाने रिलीज कर चुके हैं, जिसमें 'नैना' 'घागरा' का नाम शामिल है। इन गानों में तब्बू, करीना कपूर खान, और कृति सेनन अपने डांस से धूम मचाती दिखाई दीं। वहीं इन गानों के हिट होने के बाद हाल ही में फिल्म का एक और नया गाना 'चोली' आउट हो गया है। 'चोली' गाने में करीना पिंक साड़ी पहने कहर ढाती नजर आ रही हैं। गाने में बेबो अपने लुक ही नहीं बल्कि अपनी कातिल अदाओं से भी लोगों का दिल जीत रही हैं। ये गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। इस गाने को पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है। बता दें, ये गाना संजय दत्त की फिल्म 'खलनायक' का है जो साल 1993 में रिलीज हुई थी, जिसमें माधुरी अपने देसी लुक की वजह से छा गई थीं।

बता दें कि 'क्रू' में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन एक एयरहोस्टेस के रोल में नजर आएंगी, जो एक खास मिशन पर दिखेंगी। इनके अलावा दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा की मौजूदगी भी इस फिल्म में चार चांद लगाएगी। फिल्म की स्टारकास्ट को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि इस फिल्म की कहानी काफी मजेदार होने वाली है। गौरतलब है कि राजेश ए कृष्णन द्वारा निर्देशित, बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क की फिल्म 'क्रू' 29 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

करीना ने दिया माधुरी दीक्षित को टक्कर

इस गाने ने 2 दशक से भी ज्यादा संगीत की दुनिया पर राज किया। आज भी ये गाना लोगों के कानों में पड़ते ही पुराने दौर की यादें ताजा कर देता है। वहीं 31 साल बाद इस गाने का नया वर्जन रिलीज किया गया है, जिसमें करीना अपने ग्लैमरस लुक से माधुरी को टक्कर देती नजर आ रही हैं। अब देखना ये दिलचस्प होगा कि क्या करीना-माधुरी की तरह इस गाने के जरिए लोगों के दिलों पर छुरिया चला पाती हैं या नहीं। फिलहाल इस गाने को फैंस का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

गर्मियों में आ रहा खूब बदबूदार पसीना इससे बचने के लिए करें ये खास उपाय

गर्मियां आते ही पसीने की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में कुछ लोगों का पसीना बदबूदार होता है, जिससे वह लोगों के पास जाने और उनसे बात करने से कतराते हैं। अक्सर पसीना आने के कई कारण होते हैं जैसे अधिक गर्मी, मेहनत करना, भागा दौड़ी वाला काम, कड़क धूप में चलना, खराब खानपान की वजह से भी ऐसा होता है। पसीना आने से इंसान का चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और वह किसी से भी ठीक से बात नहीं करता है। आज इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे उपाय के बारे में जिनको कर आप बदबूदार पसीने से छुटकारा पा सकते हैं।

अपनाएं ये टिप्स

पसीना आना एक आम समस्या है, जो हर किसी में देखी जाती है। लेकिन जब पसीना बदबू पहुंचने लगे तो शर्मिंदगी महसूस होती है। आईए जानते हैं कुछ खास ट्रिक के बारे में जिनकी मदद से आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं।

सबसे पहले गर्मियों में आपको दिन में कम से कम दो बार नहाना होगा, नियमित रूप से शेविंग करनी चाहिए। तनाव ज्यादा करने से भी पसीने की बदबू बढ़ जाती है। बदबू से बचने के लिए आपको पानी अधिक मात्रा में पीना चाहिए। नहाने के पानी में नींबू का रस मिलाकर उसमें बेकिंग सोडा एलोवेरा जूस और चंदन भी मिलाएं। इस ट्रिक को अपनाकर आप पसीने की बदबू से छुटकारा पा सकते हैं।

कई बार दवाई गोली का ज्यादा सेवन करने से भी पसीने की बदबू आती है। इससे बचाव के लिए अगर आप दिन में कम से कम दो बार नहाते हैं, तो आपके शरीर से सारे बैक्टीरिया और अशुद्धता साफ होती है। इसके अलावा स्वस्थ और संतुलित आहार खाएं, साफ सफाई का ध्यान रखें, कपड़ों को रोजाना धोए, साथ ही पानी का सेवन अधिक करें।

क्या वजन कम करने के लिए खाली पेट एप्पल साइडर विनेगर पीना सही है

एप्पल साइडर विनेगर पीने के फायदे

एप्पल साइडर विनेगर में कई औषधीय गुण होते हैं। जो सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। अक्सर लोग वजन कम करने के लिए पानी में एप्पल साइडर विनेगर पीते हैं। यह कई सारी गंभीर बीमारी से बचाने के काम करती है।

आजकल खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण लोगों का वजन काफी ज्यादा बदल जाता है। समय पर न खाने और अनहेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करने के कारण वजन तेजी से बढ़ता है। आज हम इसे कंट्रोल करने का उपाय बताएंगे।

एप्पल साइडर विनेगर पूरी तरह से हेल्दी होता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण से भरपूर होता है। यह शरीर को खतरनाक बैक्टीरिया से बचाने का काम करता है। रिसर्चगेट में पब्लिश स्टडी के मुताबिक एप्पल साइडर विनेगर रोजाना पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

इसमें मौजूद एंटी-ग्लाइसेमिक इफेक्ट, एंटी-डायबिटिक गुणों से भरपूर होता है। एप्पल साइडर विनेगर पीने से पाचन तंत्र भी अच्छा रहता है। अपच, गैस, कब्ज, पेट की समस्या में आराम मिलता है। एप्पल साइडर विनेगर खराब कोलेस्ट्रॉल यानि एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के साथ-साथ एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने में मदद करता है। यह मोटापा कंट्रोल करने में काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। हावर्ड हेल्थ के मुताबिक साल 2009 में हुई स्टडी के मुताबिक 175 लोगों के ऊपर एक रिसर्च किया गया जिसमें पाया गया कि 3 हफ्तों तक 1-2 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर लोगों को पिलाया गया। जिसमें देखा गया कि उनका वजन 2-3 किलो तक आसानी से कम हो रहा है।

एप्पल साइडर विनेगर पीना का तरीका

खाली पेट एप्पल साइडर विनेगर पीने का यह है सही तरीका। इसके लिए सबसे पहले एक गिलास गुनगुना पानी लें। उसमें 2 टी-स्पून चम्मच एप्पल साइडर विनेगर डालें और फिर इसे मिक्स करके पी लें। इससे तेजी से वजन कम होता है। खाली पेट एप्पल साइडर विनेगर पीने से काफी ज्यादा फायदा होता है। इसलिए कोशिश करें कि हमेशा खाली पेट ही इसे पिएं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

महिला स्व-सहायता समूह कलेक्टरेट में हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए लगाया स्टॉल

बेमेतरा। छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महिदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए आज जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने महिला समूह की ओर से लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा किये जा रहे उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने अपने साथ साथ उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के लिए हर्बल गुलाल खरीदे। महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किए गए हैं साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल, हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं। उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया की आज सुबह से ही हर्बल गुलाल की लगातार बिक्री हो रही इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी गुडडू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित कलेक्टरेट के कर्मचारी उपस्थित थे।

शिशुवती-गर्भवती महिलाएं वोटिंग के लिए बिना लाइन में लगे कर सकेंगी प्रवेश

गरियाबंद। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां शुरू हो चुकी है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मतदान पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सभी सुविधाएं विकसित करने को कहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित करने के निर्देश दिए। साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य स्थितियों से निपटने के लिए जरूरी दवाइयों से युक्त मेडिकल किट बनाकर सभी मतदान केंद्रों में उपलब्ध करवाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस में शिशुवती एवं गर्भवती महिलाओं को बिना लाइन में लगे मतदान करने की सुविधा मिलेगी। जिससे उनको मतदान करने में सहूलियत होगी। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

यह आम चुनाव देश को बचाने की लड़ाई है : सचिन पायलट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, की उपस्थिति में रायपुर लोकसभा का कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मेलन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सह प्रभारी विजय जांगिड, राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम, रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी
बैठक
रायपुर लोकस

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ ही नहीं है महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याये तो मुद्दा है ही साथ ही यह लड़ाई देश को बचाने की है। आज देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर खतरा है। यह चुनाव साधारण नहीं है। निर्वाचित सरकारों के मुख्यमंत्रियों को आचार संहिता लगने के बाद गिरफ्तार किया जा रहा। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव लड़ने से रोकने के लिये उसके बैंक के खातों को सीज कर दिया गया है। जहां पर हमारा भाजपा के सीधा मुकाबला है। वहां पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का दायित्व और बढ़ जाता है। यह डबल इंजन के सरकार की बात करते है। मणिपुर जल रहा वहां डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री नहीं जाते क्यों कि वहां लोकसभा की ज्यादा सीटों नहीं है। वहां मां, बहनों की इज्जत लूटी जा रही। डबल इंजन की सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार युवा है। एनएसयूआई से लेकर विधायक तक में उन्होंने आपके साथ संघर्ष किया है। उनको रायपुर से सांसद बनाकर भेजना हर कांग्रेस के कार्यकर्ता का दायित्व है। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने रायपुर में विकास उपाध्याय जैसे कर्मठ युवा को उम्मीदवार बनाया है। हम सब मोदी के कुशासन वादाखिलाफी को लेकर जनता के बीच जायेंगे तथा हमारी पार्टी ने जो हर वर्ग के लिये वादा किया है। उसको भी जनता तक पहुंचाना है। रायपुर में हम नया इतिहास लिखेंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। रायपुर में नया इतिहास लिखना है। अन्य लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार का चुनाव इसलिये ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चुनाव देश को आपकी स्वतंत्रता को बचाने के लिये फैसला करेगा। जिस प्रकार वर्तमान सरकार में बैठे हुये लोग लोकतंत्र का दमन कर रहे। ऐसे में देश को बचाने के लिये कांग्रेस का जितना जरूरी है। यह लड़ाई भारत के आम लोगो की लड़ाई है।

रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने कहा कि पार्टी ने मुझे नहीं हर कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाया है। मेरी ताकत आप आप सब है। मेरे लिये कांग्रेस का टिकट मिलना गर्व की बात है। आप सबके सहयोग से इस बार कांग्रेस रायपुर लोकसभा जीतेगी। पार्टी का हर आदेश मेरे लिये सम्मान की बात है। मैं आपका भाई, बेटा हूं सदा वहीं रहूंगा।

वेदांता कंपनी जैव विविधता को बढ़ाने करेगी प्रयास

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने छत्तीसगढ़ व ओडिशा में अपने प्रचालन क्षेत्रों के भीतर व आसपास पर्यावरण संरक्षण हेतु कंपनी के प्रयासों की घोषणा की। जैव विविधता को संरक्षित व प्रोत्साहित करने की रणनीति हेतु कंपनी समर्पित है।

कंपनी ने रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत अपने पांच ऐश डाइक पर वनीकरण का काम सफ्लतापूर्वक पूरा किया है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड कंपनी (बालको) के ये ऐश डाइक्स अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच जाने के कारण बंद हो चुके थे। 150 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफ्ल के इलाके में लगभग 2 लाख पौधे लगाए गए हैं। इस पहल के तहत ऐसी जमीन में जहां पहले जंगल न रहा हो उसमें भी सतत सुधार की गुंजाइश को अपनाया जा सकता है।

फ्लाई ऐश एक हाई-वॉल्यूम, लो-इफेक्ट बायप्रोडक्ट होता है जो थर्मल पावर के उत्पादन में निकलता है। फ्लाई ऐश का इस्तेमाल सर्कुलर इकॉनॉमी में होता है नतीजतन ऐश स्टोरेज एरिया का वनीकरण किया जा सकता है। रिक्लेमेशन प्रक्रिया के तहत ऐश डाइक्स को कई अवस्थाओं से गुजरना होता है जिनमें मिट्टी का आवरण, स्थिरीकरण, वन पारिस्थितिकी विकसित करने के लिए लैंडस्केपिंग, मूल वृक्ष प्रजातियों का रोपण व निरंतर निगरानी शामिल होते हैं। इन कोशिशों के फ्लस्वरूप यह इलाका कई स्थानीय पेड़-पौधों की किस्मों जैसे करंज, शीशम, नीम, अमसोल व गुलमोहर वृक्षों का घर बन गया है। कंपनी द्वारा लगाए गए इन पेड़ों की बदौलत यहां जैव विविधता फ्ल-फूल रही है।ओडिशा के झारसुगुड़ा मे कंपनी का मेगा एल्यूमिनियम प्लांट है। वेदांता एल्यूमिनियम ने जिले में अतिसंवेदनशील वृक्ष प्रजातियों जैसे क्लोरोक्सिलॉन स्विटेनिया का रोपण किया है।

इसके अलावा जामखानी कोयला खदानों (सुदंरगढ़, ओडिशा) के करीब पहली बार अनूठी मियावाकी पद्धति के जरिए गहन वनीकरण शुरु किया गया है। फ्लस्वरूप यहां 8000 से अधिक वृक्षों का आत्मनिर्भर समूह पनपेगा। इनमें अनेक फ्लदार प्रजातियां होंगी। विभिन्न पहले के माध्यम से कंपनी सतत विकास लक्ष्य 13-क्लाईमेट एक्शन और 15-लाईफ ऑन लैंड की प्राप्ति हेतु काम कर रही है।

वेदांता एल्यूमिनियम ने पारिस्थितिक प्रयासों को तेज करने के लिए अपने सभी प्रचालनों में व्यापक जैव विविधता प्रबंधन योजना (बीएमपी) को लागू किया है।

ईडीसी एवं डाक मतपत्र से मतदान करने दिया गया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को ईडीसी एवं पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दिलाने हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा उपस्थित नोडल अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अपर कलेक्टर दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज, गौतम कुमार, सभी एआरओ, पुलिस विभाग, डाक विभाग, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में बताया गया कि अनिवार्य सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक-मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानो को मिलती थी। साथ ही बिजली-पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को इसमें शामिल किया गया है। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर ऐसे कर्मचारी जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12-डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी/बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस लोकसभा निर्वाचन में प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों के लिए डाकमत पत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। बताया गया कि प्राधिकार पत्र प्राप्त करने वाले पत्रकार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्राप्त होने पर उन्हें चिन्हांकित स्थान पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा होगी। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी भी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण में प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक कमलेश यादव, सदस्य रंजन प्रसाद, दिनेश राज, राजेश कुमार, श्री अब्दुल असलम आदि उपस्थित थे।

1 जुलाई से ऑनलाइन स्वीकृत होंगे बिल, वित्त सचिव ने तैयारियों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य के सभी कोषालयों में अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल के अलावा अन्य बिलों को भी अब ई-कोष के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकृति दी जाएगी, इसके लिए तैयारियां वित्त विभाग द्वारा शुरू कर दी गई है। सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाईन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कामकाज आसान होगा, साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी। वहीं बिलों की स्वीकृति का काम भी पारदर्शी ढंग से होगा।

राज्य के सभी कोषालयों में वर्तमान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सैलरी बिल की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन सॉफ्टवेयर ई-कोष का इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही विभागों के माध्यम से बिलों की हार्डकॉपी भी आहरण संवितरण अधिकारियों के हस्ताक्षर के उपरांत कोषालयों में जमा किए जा रहे हैं। कोषालयों में बिलों की आहरण की अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद विभागों को बिलों की हार्डकॉपी कोषालयों में जमा करने की जरूरत नहीं होगी और न ही बीटीआर प्रस्तुत करना होगा। वहीं पेपर लेस प्रक्रिया से पर्यावरण भी संरक्षित होगा।

संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि बिलों के आहरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने के बाद कोषालयों में बिलों की मंजूरी इसी प्रकार बिलों में आपत्ति लगाने जैसे काम भी ऑनलाईन होंगे। बिलों पर लगाई गई आपत्तियों का निराकरण भी ऑनलाईन होगा। इससे विभागों के कर्मचारियों को बार-बार कोषालय जाने की जरूरत भी नहीं रहेगी। विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बिलों की स्वीकृति और आपत्तियों का निराकरण अपने कार्यालय से ही कर सकेंगे। सैलरी के अलावा अन्य बिलों को भी ऑनलाईन स्वीकृति के लिए संचालनालय कोष लेखा द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। ई-कोष के लिए महालेखागार कार्यालय में अलग से सर्वर भी स्थापित किया गया है।

बिलों की ऑनलाईन मंजूरी प्रक्रिया के लिए वित्त विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। संचालनालय कोष एवं लेखा द्वारा भी महालेखाकार को भेजा जाने वाले सभी प्रतिवेदन ऑनलाईन भेजे जाएंगे, इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर विकसित किए गए हैं।

वित्त विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने आज इंद्रावती भवन स्थित कोष एवं लेखा संचालनालय में ई-कोष साफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल के संबंध में पूरी जानकारी ली। अधिकारियों ने उन्हें कोषालय में बिल पासिंग की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी। कुमार ने संचालक, कोष एवं लेखा को कोषालयों में पेपर लेस कार्य एक जुलाई 2024 से प्रारंभ किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में पीएचडी में प्रवेश 02 चरणों में होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.)

दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा दिसंबर 2023 में आयोजित पीएचडी प्रवेष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीद्वार तथा नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीद्वारों के विभिन्न शोधकेन्द्रों में पीएचडी हेतु प्रत्येक शोध केन्द्र में दिनांक 22 मार्च से 05 अप्रैल तक आयोजित होने वाली रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक अगामी आदेश तक स्थगित करने संबधी सूचना क्रमांक 2846/शोध/2024 विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 21.03.2024 को जारी की गई थी।

यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय की पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि इस स्थगन सूचना को विष्वविद्यालय में आयोजित बैठक में संषोधित करने का निर्णय लिया गया।

डॉ. लाल ने बताया कि विष्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रवेष प्रक्रिया को अगामी आदेष तक स्थगित किये जाने के संबंध में शोधार्थियों तथा शोध निर्देषकों के प्रतिनिधि मंडल ने विष्वविद्यालय प्रषासन से भेंट कर यह निवेदन किया कि कुछ शोध निर्देषकों की सेवा निवृत्ति की आयु की तिथि में तीन वर्ष शेष बचने की अवधि निकट है तथा यूजीसी के नियमानुसार वें शोध निर्देषक के रूप में नये शोधार्थियों का पंजीयन नहीं करा सकेंगे।

इसी प्रकार जे.आर.एफ छात्रवृत्ति प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले शोधार्थियों की उक्त परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात् 02 वर्ष की अवधि भी समाप्त हो रही है। इसी कारण यें छात्र जे.आर.एफ छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे। उक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए विष्वविद्यालय की माननीय कुलपति ने अधिकारियों की बैठक में छात्रहित में यह निर्णय लिया कि विष्वविद्यालय द्वारा 14 मार्च 2024 को जारी सूचना के अनुसार प्रत्येक शोधकेन्द्र में रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक द्वारा 22 मार्च से 05 अप्रैल के मध्य प्रवेष प्रक्रिया संपादित की जा सकती है।

तथा जो शोधार्थी लोकसभा चुनाव अथवा अन्य कारणों से उक्त अवधि में पीएचडी में प्रवेष नहीं ले पायेंगे उनके लिए शोधकेन्द्र में आर.ए.सी. की बैठक चुनाव आचार सहिता समाप्ति के पश्चात् पुनः आयोजित होंगी जिसकी सूचना विष्वविद्यालय द्वारा पृथक से जारी की जायेगी।

कलेक्टर और एसपी लगातार कर रहे हैं मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहें हैं। आज शासकीय प्राथमिक शाला दोंदेकला, शासकीय प्राथमिक शाला धनेली, शासकीय प्राथमिक शाला बड़ौदा के मतदान केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 7 मई को बेहद गर्मी और उच्च तापमान रहेगी उसको ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी की व्यवस्था रहे। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए पृथक शौचालय कक्ष हो। कलेक्टर और एसएसपी सभी कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में दो दरवाजे हो जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सके। एसएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रखें। आवश्यकता पड़ने पर बैरिकेट्स की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) नंदकुमार चौबे एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण

बीजापुर। कलेक्टर अनुराग ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अन्तर्गत जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला का औचक निरीक्षण किया। उक्त प्रयोगशाला जो कि 11 पैरामीटर में एनएबीएल सत्यापित है। कलेक्टर पाण्डेय ने समस्त टेस्टिंग के पैरामीटर के विषय में जानकारी लेकर स्वयं की उपस्थिति में पीएच वैल्यू का परीक्षण कराया पैरामीटर का लैब कर्मचारियों की ओर से जल परीक्षण करके दिखाया गया। कलेक्टर ने परीक्षण रिर्पोट, परीक्षण शुल्क की पंजी सहित आवश्यक दस्तावेजों का निरीक्षण करते हुए प्रयोगशाला के विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान केमिस्टसपना मंडल, अजय कुमार देशमुख कोऑर्डिनेटर वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

Jaquar Roca Parryware Wow, what a bathroom! AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts ● Toys ● Cosmetics Perfumes ● Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर

महाराष्ट्र से मेटाडोर चोरी कर भाग रहा आरोपी भिलाई में पकड़ाया

दुर्ग। महाराष्ट्र से मेटाडोर चोरी कर भाग रहे आरोपी को सूचना मिलने पर दुर्ग पुलिस ने भिलाई पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से चोरी का वाहन बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक, दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में एवं सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक, यातायात के नेतृत्व में हाईवे में सुरक्षा, सडक दुर्घटनाओ में घायलो के मदद करने, किसी प्रकार जाम लगने पर क्लीयर कराने एवं नेशनल हाईवे में लगातार पेट्रोलिंग करने 4 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन तैनात किया गया है जिस पर दिनांक 21 मार्च को रात्रि 8 बजे पुलिस कंट्रोल रूम के द्वारा पाइंट दिया गया की वाहन क्रमांक एमएच 40 एन 3797 सफेद कलर की मेटाडोर जो कि महाराष्ट्र से चोरी हुई है जो दुर्ग की ओर आ रही है। इस पर हाईवे पेट्रोलिंग 02 में उपस्थित आरक्षक जितेन्द्र मारकण्डेय एवं आरक्षक नरेन्द्र यादव के द्वारा रात्रि में पेट्रोलिंग करते हुए संबंधित चोरी वाहन रात 11.30 बजे सुपेला के पास दिखने पर रोकने का प्रयास किया गया पर वाहन चालक द्वारा वाहन न रोकते हुए भगाने का प्रयास किया गया जिसे पावर हाउस हाईवे कैटीन के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और इसकी सूचना तत्काल उप पुलिस अधीक्षक यातायात को दी गई। जिसे वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उक्त आरोपी एवं वाहन को थाना छावनी के सुपुर्द किया गया।

बेजुबान जानवर पर वार करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। बेजुबान जानवर कुत्ते को बेरहमी से पीटकर घायल करने तथा विरोध करने वालों के साथ गाली-गलौच करने वाले आरोपी को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 21 मार्च को खुर्सीपार क्षेत्र में एक युवक के द्वारा बेजुबान जानवर स्वान (कुत्ता) को बड़ी ही बेरहमी से मार-मार कर घायल करने की सूचना मिली थी। जिस पर तत्काल खुर्सीपार पुलिस के द्वारा संज्ञान लिया गया। जिसके बाद आरोपी की पतासाजी किया गया। आरोपी की पहचान खुसीपर क्षेत्र का रहने वाला लकी राव के रूप मे हुई। आरोपी के द्वारा स्वान के साथ कुर्तता एवम विरोध करने वालो के साथ दुर्व्यवहार एवम गाली गलौज करने पर खुर्सीपार पुलिस के द्वारा आरोपी को पकड़ कर हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना खुर्सीपार में धारा 429 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर एवम धारा 151जा.फ़ो. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

सूरजपुर में बड़ा हादसा, मिट्टी धसने से पांच लोग दबे, एक की मौत

चार की हालत गंभीर, मंत्री ने पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

सूरजपुर जिले में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रुप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

सूरजपुर। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में शुक्रवार को मिट्टी की खुदाई के दौरान मिट्टी धसने से उसमें दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक महिला सहित चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के ओडगी थानाक्षेत्र अंतर्गत लंजीत गांव में आज सफेद मिट्टी (छुई मिट्टी) की खुदाई करने के दौरान मिट्टी में धसने से उसमें दबकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण आज गांव के बाहरी हिस्से में सफेद मिट्टी लाने गए थे। उन्होंने बताया कि जब वे मिट्टी की खुदाई कर रहे थे तब मिट्टी का एक हिस्सा उनके ऊपर गिर गया जिसमें पांच लोग दब गए।

घायल अस्पताल में भर्ती

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों ने घटना की जानकारी होने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने सभी ग्रामीणों को मिट्टी से बाहर निकाला और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सूरजपुर जिला अस्पताल भेज दिया गया।

इलाज के दौरान हुई एक की मौत

अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य लोगों का इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने घटना के बाद अस्पताल का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। मंत्री ने चिकित्सकों को घायलों का बेहतर उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया।

किशोर ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

दुर्ग। भिलाई में एक लड़के का रेलवे ट्रैक पर शव मिला है। 14 साल के लड़के ने घटना के कुछ देर पहले अपने दोस्त को सेल्फी भेजी थी। ट्रेन से कटकर मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पूरा मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। बता दें कि चंद्रा मौर्या टॉकिज के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर लाश मिली थी। मृत बालक की पहचान डामेंद्र साहू डोंगरगांव निवासी के रूप में की गई। भिलाई में अपनी बुआ के घर रह कर पढ़ाई करा था।

खड़ी ट्रक से बाइक सवार पुलिसकर्मी टकराया, मौत

गरियाबंद (ए.)। नेशनल हाईवे 130 सी में बारूका पुल के पास खड़ी धान से भरी ट्रक से टकराकर ड्यूटी पर आ रहे कांस्टेबल की मौत हो गई।

बता दें कि ट्रक लापरवाही पूर्वक खड़ी की गई थी। हाइवे में बंद पड़ी ट्रक को लेकर चालक ने कोई भी इंडीगेशन का इस्तेमाल नहीं किया था। ना ही कोई जवाबदार इस ओर ध्यान दिया। इसी का नतीजा है कि शाम ढलते ही अंधेरा होने के बाद ये लापरवाही पुलिस वाले के लिए काल बन गई। सिटी कोतवाली गरियाबंद में कांस्टेबल के पद पर पदस्थ सुनील कुमार यादव देर शाम अपने निवास नागझर से कोतवाली ड्यूटी के लिए आ रहा था। इस दौरान नेशनल हाईवे पर लापरवाही पूर्वक खड़ी वाहन के डाला से सुनील की बाइक टकरा गई। हादसा तब हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को साइड देने सुनील ने बाइक को किनारे लाने की कोशिश की। जबरदस्त टक्कर से जवान के सर में गंभीर चोट आई।

हादसे के बाद लोग तत्काल भर्ती कराने के बजाए मोबाइल में वीडियो बनाते रहे। घटना की जानकारी मिलने पर गरियाबंद पुलिस अपने वाहन से घायल जवान को जिला अस्पताल लेकर आई, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की दुखद मृत्यु की खबर से पूरा गरियाबंद पुलिस विभाग में मातम पसर गया है। कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े सहित सिटी कोतवाली थाने का पूरा स्टाफ जिला अस्पताल में मौजूद था। इस दौरान सभी की आंखे गमगीन थी। कोतवाली प्रभारी ने घटना की पुष्टि करते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर हुई कार्यवाही

कोरबा (ए.)। सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक कोरबा द्वारा सजग कोरबा अभियान चलाकर गुण्डा बदमाशा, नशा का अवैध करोबार करने वाले एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देश दिये।

आपसी रंजिश के चलते हुई थी किसान की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

कांकेर (ए)। जिले के आमाबेड़ा थानाक्षेत्र मे बिते दिनों हुई किसान की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आपसी रंजिश के चलते परिवार के ही लोगों ने ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

मिली जानकारी के अनुसार गत 19 मार्च को जिले के लाड़ी गांव में एक व्यक्ति मृत पाया गया था। जिसकी पहचान मोहन नरेटी के रूप में हुइ थी। जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी थी। इस मामले की शिकायत मृतक के पुत्र फरसु राम नरेटी ने आमाबेड़ा थाने में दर्ज कराई थी।

फरसुराम ने पुलिस को बताया था कि 19 मार्च को वह अपने पिता मोहन नरेटी अपने परिवार के साथ नहावन कार्यक्रम में पुसागॉव गये था जहां पुसागांव से अपने पिता को साथ शांम करीबन 7 बजे अपने खेत लाड़ी(घर) में छोड़कर वह अपने पुराने घर चिचगॉव की ओर सोने के लिये चला गया। 20 मार्च को प्रातः 7 बजे जब वह अपनी पत्नि के साथ घर की ओर गया तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था अन्दर उसके पिता की लाश पड़ी थी तथा पिता के गले व सिर से खुन निकल रहा था। रिपोर्ट पर थाना आमाबेड़ा में अज्ञात के खिलाफ धारा 174 जा.फौ. तथा धारा 302 भादवि कायम कर जांच में लिया गय था। मामले में वरिष्ट पुलिस अधीक्षक कांकेर, अति पुलिस अधीक्षक कांकेर, अति पुलिस अधीक्षक अंतागढ़, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

इसी दौरान 22 मार्च को मुखबीर से सुचना मिली कि मृतक के परिवार में ही आपसी रंजिश थी तथा हत्या मृतक के परविार के ही लोगों ने की है। जिसके बाद पुलिस ने ग्राम पुसागॉव,चिचगॉव में मृतक के परिवार के चार लोगों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया तथा उनसे पुछताछ किया जिसमें आरोपियों ने साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने कनेर सिंग नरेटी पिता नंदु राम नरेटी 28 वर्ष, ग्राम पुसागॉव, राजेन्द्र नरेटी पिता नंदु राम नरेटी 21 वर्ष ग्राम पुसागॉव, गणेश राम नरेटी पिता रामसाय नरेटी 24 वर्ष ग्राम चिचगांव को गिरफ्तार कर न्यालय में पेश किया गया। वहीं एक नाबालिग बालक के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की जा रही है।

किसान को डराकर लूटने वाले दो पुलिस आरक्षक पहुंचे जेल

बिलासपुर (ए)। बिलासपुर एसपी ने शराब के साथ पकड़े गये किसान से वूसली के मामले में दो आरक्षकों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें लूट के केस में जेल भेज दिया गया है। मामला रतनपुर थाना क्षेत्र का है।

बता दें कि दरअसल, ग्राम चुमकवां निवासी कार्तिक राम नेताम किसान है। बीते रविवार को वो रानीगांव सब्जी खरीदने बाजार गया था। खरीदारी के बाद वे गांव के लोगों के साथ कलमीटार होते हुए अपने गांव लौट रहा था। इस दौरान कार्तिक शराब दुकान में शराब लेने के लिए रूका और शराब खरीद कर वहां से निकल रहा था तभी वहां वर्दीधारी दो आरक्षक आ गए। दोनों ने उसे रोक लिया और उसकी थैले की तलाशी ली, जिसमें से शराब मिला।

पूछने पर कार्तिक ने शराब को अपने पीने के लिए खरीदने की जानकारी दी। जिसके बाद आरक्षकों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया और अवैध शराब का केस बना कर उसे जेल भेजने की धमकी देने लगे। पुलिसवालों ने उसे थाने लेकर जाने का भी धौस दिखाया और उससे 800 रुपए वसूल लिए। बाद में किसान ने इस मामले की शिकायत एसपी रजनेश सिंह से कर दी। उन्होंने दोनों पुलिसवालों के खिलाफ रतनपुर थाने में लूट का केस दर्ज करा दिया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पिस्टल दिखाकर लोगों को डराया, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (ए)। शहर की पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने पिस्टल दिखाकर आम लोगों को आतंकित कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से एक पिस्टल व जिन्दा कारतूस जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत रामनारायण नगर स्थित मधु चौक के पास एक व्यक्ति अपने पास पिस्टल एवं कारतूस रखा है तथा आने-जाने वाले आम नागरिकों को डरा रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी पुरानी बस्ती को आरोपी को हथियार के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया। जिस पर थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम अभिजीत पोद्दार उर्फ ठोकुन दादा निवासी पुरानी बस्ती रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा अभिजीत पोद्दार की तलाशी लेने पर उसके पास पिस्टल एवं जिंदा कारतूस रखा होना पाया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग पिस्टल एवं 4 नग जिंदा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

3 नग देसी कट्टा, 1 रिवाल्वर जब्त

अवैध रूप से रखे देशी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

सायबर सेल कोरबा एवं पुलिस टीम कोरबा की संयुक्त कार्रवाई

कोरबा (ए.)। कोरबा पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को अवैध रूप से रखे देशी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियो के पास से 3 नग देसी कट्टा, एक रिवाल्वर एवं 2 नग कारतुस बरामद किया तथा तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविन्द्र कुमार मीना तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन में सायबर सेल कोरबा तथा थाना सिविल लाईन रामपुर एवं थाना कोतवाली की संसुक्त टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर आरोपी रुपेश गिरी गोस्वामी पिता तोरण गिरी गोस्वामी उम्र 30 वर्ष पता ग्राम धारा शिव खोखरा थाना पामगढ़ जिला- जांजगीर चांपा को ऑडिटोरियम घंटाघर के पास सार्वजनिक स्थान में अवैध रूप से अपने पास एक देसी कट्टा रख कर उसे बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है उक्त सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा घेराबंदी कर रुपेश गिरी को पकड़ा गया उसके कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। जिस पर आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

इसी क्रम में आरोपी नरेंद्र कुमार चौहान पिता राम प्रसाद चौहान उम्र 28 वर्ष निवासी ढेंगुरनाला कोहड़िया चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाईन कोरबा को अंधरीदाई मंदिर के पास एक देसी कट्टा अपने पास रखकर बिक्री हेतु ग्राहक लताश करने की सूचना पर पुलिस की टीम उक्त स्थान पर पहुँचकर नरेंद्र कुमार चौहान के पास से एक देशी कट्टा पुलिस ने बरामद किया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उपरोक्त आरोपियों से पूछताछ मे मिली जानकारी के आधर पर आरोपी कोमल पटेल पिता श्यामू पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती पीपल चौक थाना कोतवाली कोरबा को राताखार के पास एक देसी कट्टा, एक देशी रिवाल्वर अपने पास रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था कि सूचना पर पुलिस की टीम उक्त स्थान पर पहुँचकर कोमल पटेल के पास से एक देसी कट्टा एवं देशी रिवाल्वर एवं 02 नग कारतुस को पुलिस ने बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

राजधानी रायपुर में देर रात एक बड़ा सड़क हादसा

बाइक सवार युवक-युवती का एक्सीडेंट, दोनों की मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर में बीती रात एक सड़क हादसे में युवक युवती की मौत हो गई। देर रात बाइक पर घूमने निकले युवक-युवती को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को मरच्यूरी भिजवाया। मृतकों की पहचान कवर्धा निवासी अमन तिवारी (22) व सेक्टर 2 डीडी नगर रायपुर निवासी आडिजा पोद्दार (21) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार माना थाना कैंप क्षेत्र की घटना है। कवर्धा निवासी अमन तिवारी (22) यहां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था। सेक्टर 2 डीडी नगर रायपुर निवासी आडिजा पोद्दार (21) के साथ रात करीब डेढ़ बजे घूमने निकले। इस दौरान पीटीएस माना चौक के पास किसी अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा उनके परिजनों को इसकी रात में ही सूचना दे दी गई।

बतादें कि यह मामला रायपुर के माना थाना क्षेत्र की बताया जा रहा है। जहां पीटीएस इलाके में मोटरसाइकिल पर वीआईपी रोड होते हुए एयरपोर्ट निकले युवती की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक डिवाइडर की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक युवती की मौत होना बताया जा रहा है। बताया? जा रहा टक्कर इतनी जोरदार थी की युवती टक्कर के बाद करीब 40 मीटर दूर जाकर गिरी। इस घटना में दोनों की मौके पर मौत होना बताया जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीबन 1.15 बजे युवक और युवती अपनी बाइक से घूमने के लिए एयरपोर्ट निकले थे। जहां पीटीएस चौक के पास एक्सीडेंट होने से मौके पर बाइक सवार युवक-युवती की मौत हो गई है। मृतक का नाम अमन तिवारी जिसकी उम्र 22 वर्ष है। यह जिला कवर्धा का रहने वाला है। वही मृतक युवती आडिजा पोद्दार जिसकी उम्र 21 वर्ष है। वह डीडी नगर रायपुर की रहने वाली है। इस पूरे मामले को लेकर माना कैम्प थाने की पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और जांच कर रही है।

कार में मिला 6 लाख रुपए नगद, पुलिस ने किया जब्त

रायपुर (ए.)। जिले की मंदिर हसौद थाना पुलिस तथा एंटी क्राईम एंड साईबर यूनिट की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान टोल नाका के पास से एक कार से 6 लाख रूपये नगद बरामद किया है। वाहन चालक द्वारा नगदी के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर रकम जब्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त प्रकार के वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी कड़ी में 22 मार्च शुकवार को थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में नगदी रकम रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कार में सवार व्यक्ति से नगदी रकम के संबंध में पूछताछ करने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा नगदी रकम के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कियाा गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के कब्जे से नगदी रकम 6 लाख तीन हजार रूपये थाना मंदिर हसौद में जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

खास - खबर

होली त्योहार को देखते हुए यातायात पुलिस दुर्ग ने बनाये 26 फिक्स पाइंट

दुर्ग। आगामी 25 मार्च को होली त्योहार को देखते हुए जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, दुर्ग के द्वारा यातायात पुलिस को दिये गये सख्त निर्देश पर एवं सतीष ठाकुर, सतांनद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक, (यातायात) के नेतृत्व में निरीक्षक स्तर की टीम गठित कर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा होली त्योहार को शांति पूर्ण बनाने के लिये दिनांक 24.03.2023 से लगातार वाहन चेकिंग पाइंट निर्धारित किये गये है वाहन चेकिंग के दौरान यदि कोई वाहन चालक शराब के नशे में, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, मोडिफाई सायलेंसर एवं हुड़दग करते वाहन चलाते हुए पाये जाने पर ऐसे वाहन चालक के वाहन जप्त किया जावेगा। जिसे होली के बाद दिनांक 26.03.2024 चालान काटकर छोड़ा जावेगा। संदिग्ध एवं ब्लैक फिल्म वाहनों पर विशेष कार्यवाही की जावेगी। यातायात पुलिस द्वारा कुल-26 स्थानो पर चेकिंग पाइंट लगाया जावेगा जिसमें कुल-153 अधिकारी/कर्मचारी की ड्यूटी संपादित करेगे सभी फिक्स पाइंट पर ब्रीथएनेलाईजर मशीन से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

आनलाईन कर सकते है निगम के करो का भुगतान

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओ के लिए आनलाईन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान किया है, जो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में संपादित किया जा सकता है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने भिलाई निगम क्षेत्र के संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक एवं दुकान किराया की राशि भुगतान के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में वेबसाईट लॉच किये है। ताकि भिलाई के करादाता आसानी से घर बैठे अपने टैक्स राशि का भुगतान कर सकें निगम की वेबसाईट में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिंग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। इसके अलावा हेल्प लाईन नम्बर 9153986401 में कॉल करके अथवा व्हाटस्अप के माध्यम से भी भवन स्वामी निगम के देय करो की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय दल ने किया मूल्यांकन

दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग में राष्ट्रीय दल द्वारा विगत 20 एवं 21 मार्च 2024 को दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम अंतर्गत मूल्यांकन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. ए.के.साहू के अनुसार जिला चिकित्सालय के कुल 18 विभाग इस कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से ही 3 वर्षो के लिए क्वालिटी सर्टिफाइड है। यह मूल्यांकन नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर दिल्ली के नेशनल एसेसर डॉ.दीपक नामदेव एवं डॉ. श्रीनिवास श्रीराम द्वारा किया गया। 2 दिनों तक अस्पताल के ओ.पी.डी., कैजुअल्टी, आई.पी.डी., लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, शिशु वार्ड, नवजात गहन चिकित्सा इकाई एवं फार्मेसी का गहन मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन एनक्यूएएस के रूटीन मूल्यांकन से अलग है जो की पहले से सर्टिफाइड फैसिलिटी का सर्प्राइज तौर पर बिना बताए किया जाता है। जिसमे 90 प्रतिशत संस्थाएं सफल नही हो पाता परंतु जिला चिकित्सालय में दी जाने वाली सेवाए गुणवत्तापूर्ण एवं काफी अच्छी है।

लोकसभा निर्वाचन 2024: तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ के प्रशिक्षण में शामिल हुई। एआरओ हरवंश मिरी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में समपन्न हुआ। कलेक्टर ने इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर्स से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी दिव्यांग, थर्ड जेण्डर, एवं सिनियर सिटीजन (85 वर्ष से अधिक) मतदाता मतदान करने से वंचित न होने पाए। हर क्षेत्र से शत-प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को नगर निगम एवं स्कूलों के वालिनटियर्स के सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों के लोगों का आकलन कर इनके लिए मतदान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने को कहा। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों को आपस से समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, व्हील चेयर एवं छायादार विश्राम स्थल की व्यवस्था हो, जहां पर बुजुर्ग, बीमार, मतदाताओं के साथ आए छोटे बच्चें एवं गर्भवती महिलाएं विश्राम कर सके। केंद्रों में एएनएम और वालिंटियर भी रहेंगे।

कलेक्टर एवं एसपी ने शंकराचार्य विश्वविद्यालय पंहुचकर मतगणना केंद्र का लिया जायजा

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एसपी श्री जितेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों के साथ आज मतगणना केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतगणना केंद्र की संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मिडिया बॉक्स को मतगणना केंद्र के और पास बनाने कहा ताकि जनता तक समय में मतगणना संबंधित जानकारी पंहुच सके। उपनिर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने सभी तैयारियों के बारे मे कलेक्टर को विस्तार से बताया एवं शांतिपूर्ण कार्य निष्पादन का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

कलेक्टर और एसपी ने हथखोज में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर भी देखा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने हथखोज भिलाई स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य भी देखा। दो फेज में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर से जिले के वाहन एवं ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को राहत मिलेगी। कलेक्टर ने परिसर में बन रहे पार्किंग एवं कॉम्प्लेक्स में पेयजल, जल निकासी एवं शौचालय की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूरा हो जाएगा। योजनानुरूप बारिश के समय न होने वाले कार्यो को 15 जून से पूर्व एवं शेष कार्यो को अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

कलेक्टर एवं एसएसपी ने छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड का किया निरीक्षण

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने 22 मार्च 2024 को खपरी कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड के निरीक्षण के लिए पहुंचे। कलेक्टर ने वहाँ मंदिरा के उत्पादन, बॉटलिंग एवं प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहाँ तैनात आबकारी अधिकारियो से पूरी जानकारी ली। विधानसभा निर्वाचन के लिए लागू आदर्श आचार संहिता की अवधि में आसवनी में सतर्कता एवं मुस्तैदी से कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

आसवनी में सुरक्षा एवं निगरानी हेतु सशस्त्र बल की तैनाती की गई है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश ध्रुव, सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल, छत्तीसगढ़ डिस्टिलरीज के नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

दो दिवसीय कार्यशाला कंटेंट क्रिएशन फॉर स्वयं कोर्सेस का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई में चल रहे दो दिवसीय कार्यशाला कंटेंट क्रिएशन फॉर स्वयं कोर्सेस के दूसरे दिन 21 मार्च को विश्वविद्यालय के ऑडियो वीडियो लैब में विशेषज्ञों ने सभी कोर्स कोऑर्डिनेटर को इंट्रो वीडियो रिकॉर्डिंग की टेक्निक पर प्रकाश डाला एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर ने अपने लेक्चर को रेकॉर्ड किये तत्पश्चात् रिकॉर्डिंग वीडियो को एक्सर्ट के द्वारा विश्लेषण किया गया।

विदित हो कि यह कार्यशाला कुलपति प्रो एम.के. वर्मा के मार्गदर्शन में हो रही है। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं पाठ्यक्रमों के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने में शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना है, जिससे संबंधित विषय के क्षेत्र में छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण व्यवहारिक ज्ञान मिल सके।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा राय ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से संबंधित विषय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। डॉ. राय ने स्वयं पाठ्यक्रमों के चारों महत्वपूर्ण भागों को विस्तारपूर्वक समझाया, जिनके नाम हैं वीडियो व्याख्यान, विशेष रूप से तैयार की गई पठन सामग्री जिसे डाउनलोड/प्रिंट किया जा सकता है। परीक्षणों और क्विज़ के माध्यम से स्व-मूल्यांकन परीक्षण और एक ऑनलाइन चर्चा के साथ शंका समाधान के लिए मंच। कार्यशाला के समापन समारोह में कुलपति प्रो. श्री वर्मा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफार्म सुदूर क्षेत्रों पर रह रहे छात्रों के लिए अध्ययन का साधन है।

सभी कोर्स कोऑर्डिनेटर्स यह ध्यान देवे कि छात्रों के लिये तैयार की गई कोर्स मटेरियल एवं वीडियो लेक्चर बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक हो जिससे प्रतिभागियों को लाभ मिल सके। कार्यक्रम के अंत में एक्सपर्ट को समकुलपति प्रो. संजय अग्रवाल के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया । प्रोफेसर अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हर किसी के पास अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री छात्रों के पहुंच में हो क्योंकि हम ऑनलाइन शिक्षा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी छात्रों के लिए शिक्षा में स्वयं पाठ्यक्रमों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एम.के. वर्मा, सम कुलपति प्रो. संजय अग्रवाल, स्वयं कोर्स के कोऑर्डिनेटर डॉ हरीश घृतलहरे, स्वयं कोर्स के सभी कोऑर्डिनेटर्स एवं को- कोऑर्डिनेटर उपस्थित थे। इस ऑनलाइन कोर्स के लिए सामग्री निर्माण में अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजकों की सराहना की गई। भविष्य में इस तरह की कार्यशाला विश्वविद्यालय में होती रहेंगी जिससे सभी लाभान्वित हो सकें।

बीएमडीसी में 'डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग एंड डोमेस्टिक इंक्वायरी' पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला उद्घाटित

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। 22 मार्च 2024 को बीएमडीसी में संयंत्र, कार्मिक विभाग और सतर्कता विभाग के विभिन्न अधिकारियों के लिए 'डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग एंड डोमेस्टिक इंक्वायरी' पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेषक पवन कुमार ने किया।

महाप्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के महत्व और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता के संदर्भ में अपने विचार रखे। दो दिवसीय कार्यक्रम के फैकल्टी, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व डायरेक्टर एस पी एस जग्गी ने सभा को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यपालक निदेषक पवन कुमार ने कार्यशाला से संबंधित अपनी अपेक्षाओं के बारे में बात की और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों को एस पी एस जग्गी की समृद्ध विशेषज्ञता से निष्चित ही लाभ मिलेगा। विशेष रूप से कार्मिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अनुशासनात्मक मामलों पर संबंधित प्राधिकारियों को सलाह देने के लिए इस विषय पर नवीनतम और अदालती निर्णयों के बारे में खुद को अपडेट रखें। कार्यक्रम का समन्वय और संचालन प्रबंधक अवंती वुचुला ने किया।

पुलिस महानिरीक्षक ने निष्पक्ष चुनाव कराने रेंज के अधिकारियों, कर्मचारियों को दी सीख

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। सिविक सेंटर महात्मा गांधी कला मंदिर में 01 दिवसीय रेंज स्तरीय सेमिनार किया गया आयोजन। दुर्ग रेंज के 220 से अधिक अधिकारी महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में तथा 100 से अधिक अधिकारी ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से रहें उपस्थित। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेंद्र शुक्ला के द्वारा उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने पर दिया जोर।

दिनांक 22 मार्च 2022 को सिविक सेंटर भिलाई स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में रेंज स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें दुर्ग रेंज के 220 से अधिक अधिकारियों एवम कर्मचारियों ने भाग लिया। जिसमें जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के 100 अधिकारी/कर्मचारी ऑनलाइन के माध्यम से भी सेमिनार में उपस्थित रहे। यह सेमिनार आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित अपराधों की चर्चा के लिए महत्वपूर्ण मंच बना। कार्यक्रम के शुभारंभ में माँ सरस्वती जी की वंदना एवं द्वीप प्रज्वलन के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला, उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन में पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला द्वारा कार्यशाला के विषय एवं उसकी महत्ता के संबंध में बताया गया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों की पुस्तिका का अध्ययन प्रशिक्षण देने निर्देशित किया गया। जिसके बाद पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के द्वारा रेंज से उपस्थित आए अधिकारियों कर्मचारियों को अपने वक्तव्य में कहा गया कि 16 मार्च, 2024 को निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागु होने तथा 27 अप्रैल को कांकेर और 7 मई को रेंज के दुर्ग लोकसभा हेतु मतदान होने की जानकारी दी। कांकेर लोकसभा में रेंज का बालोद जिला समाहित है। इस चुनाव को निष्पक्ष और निर्विवाद ढंग से संपन्न कराने में पुलिस को महती भूमिका निभानी है। गर्ग द्वारा बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने उपरांत धारा 144 जाफौ की प्रभावशील होने के आधार पर जिले में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने, एफएस.टी एवं एस.एस.टी की कार्यवाही, एल.ओ.आर. नियमित रूप से भेजने, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, निर्वाचन संबंधी अपराधों के निराकरण हेतु कहा गया।

पर्यावरण प्रबंधन विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा दिनांक 21 मार्च 2024 को मुख्य महाप्रबंधक दिब्येन्दु लाल मोइत्रा के मुख्य आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन इस्पात भवन स्थित पर्यावरण विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उमा कटोच, महाप्रबंधक संजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक बित्रा अनुराधा तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

भिलाई इस्पात संयंत्र
कार्यशाला

मुख्य अतिथि दिब्येन्दु लाल मोइत्रा, मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी में टंकण के लिए वॉइस टाइपिंग एक अत्यंत सरल उपाय है, हम सरल हिंदी लिखें व बोलें, कठिन शब्दों की बजाय सरल शब्दों में लेखन एवं पत्राचार आदि करें ताकि हर स्तर का व्यक्ति हिंदी में सहजता का अनुभव करे।

इस प्रकार से हम हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि कर सकते हैं। हमने राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि हेतु सतत् प्रयास किया है। हिंदी के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के लिए हमारे विभाग को संयंत्र स्तर पर पुरस्कार मिला है, अत: हमें भविष्य में और भी बेहतर कार्य करना है। सर्वप्रथम विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण) एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी सुश्री बित्रा अनुराधा ने बताया कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में किया जा रहा है। विभाग द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। यही कारण है कि हमारे विभाग को हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती पुरस्कार मिला है।

उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने एवं सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी एवं गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग एवं नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया तथा सामान्य ज्ञान, सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्दावली पर केन्द्रित प्रतियोगिता का आयोजन कियाद्य इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीष कुमार जैन (सहायक महाप्रबंधक), द्वितीय स्थान कुँवर सिंह भुआर्य (मास्टर टेक्नीशियन), तृतीय स्थान उमा कटोच (महाप्रबंधक)। प्रोत्साहन पुरस्कार - संजय कुमार (महाप्रबंधक), अतुल सिंगरौल (ओसीटी) एवं अंगद लाल श्रीवास्तव (सी.एम.ओ.सी.टी)।

कार्यक्रम का संचालन विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण) बित्रा अनुराधा ने किया एवं आभार प्रदर्शन ओसीटी (पर्यावरण विभाग) आशीष राजपूत ने किया।

आगामी श्रीरामनवमी उत्सव को लेकर तैयारियां शुरु

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात भिलाई में आगामी श्रीरामनवमी उत्सव को लेकर रामभक्तों में हर्ष का माहौल है। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा विगत 38 वर्षों से मनाए जा रहे श्रीरामनवमी कार्यक्रम को और भी भव्यता के साथ मनाने की तैयारियों शुरु कर दी गईं है।

इसी क्रम में समिति द्वारा 1100 से अधिक मंदिरों से निकलने वाली शोभायात्रा के ध्वज प्रमुखों का सम्मान समारोह 31 मार्च को आयोजित किया जा रहा है, जिसके संबंध में सभी प्रखण्डों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। समिति के जिलाध्यक्ष मदन सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी सनातनियों के लिए यह हर्ष का विषय है कि आयोध्या में श्रीरामलला अपने भव्य धाम में विराजमान हो गये हैं। श्रीराम जन्मोत्सव समिति जिसकी नींव ही श्रीराम मंदिर आंदोलन के साथ ही रखी गई थी, इसका संकल्प भी पूरा हुआ। श्रीरामलला के विराजमान होने के पश्चात समिति द्वारा इस इस आयोजन को और भी भव्यता के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके पूर्व 31 मार्च को सभी ध्वज प्रमुखों का सम्मान सेक्टर 10 गुण्डिचा मण्डप में किया जा रहा है। समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि ध्वज प्रमुखों के सम्मान समारोह के संबंध में गत दिवस सभी प्रखण्डों में बैठकों का आयोजन किया गया। साथ ही 1 अप्रैल से शुरू होने वाले एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950